

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 323 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 18 सितंबर 2023





पेज -4 पर चक्रधर समारोहः स्थानीय प्रतिभाओं की कला से सजेगा मंच

भाजपा प्रत्याशी हरिश्चंद्र राठिया सपरिवार खुड़ियारानी पहुंचकर मातारानी से आशीर्वाद .. पेज -8 पर


## सीएम बोले 1 लाख 75 हजार करोड़ जनता की जेब में गए, इसी मॉडल पर रणनीति बना रही कांग्रेस

**रायपुर।** रविवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैदराबाद से लौटे। बिलासपुर में हुए कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम को वह रायपुर पहुंचे। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि हैदराबाद में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में क्या कुछ हुआ। वहां छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज की चर्चा रही। कांग्रेस ने तय किया है कि आने वाले समय में देश के चुनाव में छत्तीसगढ़ मॉडल को ध्यान में रखकर रणनीति तैयार की जाएगी।

इसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ में आम जनता के लिए जो गरीब है, मजदूर है, गोपालक है, किसान है उनके आर्थिक स्थिति में जो हमने सुधार किया है जो परिवर्तन यहां के जीवन में आया है किसान मजदूर आदिवासी वनांचल में रहने वाले तेंदूपत्ता तोड़ने वाले हैं उनके जीवन में जो परिवर्तन आया है।



उसके साथ-साथ शिक्षा,स्वास्थ्य,बेरोजगारों और युवाओं के लिए जो काम किया है । इसका बड़ा व्यापक प्रभाव देशभर में पड़ा है क्योंकि आज लोग महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त हैं । ऐसे समय में सरकार के द्वारा आम जनता की जेब में सीधे पैसे डालना और थोड़ा बहुत नहीं छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य में 1 लाख 75 हज़ार करोड रुपए सीधा आम जनता के जेब में गया है और इसकी चर्चा है ही । इस मॉडल की भी चर्चा है और यही कांग्रेस का सिद्धांत है कि आम जनता को भी ताकतवर बनाना।

मुख्यमंत्री ने कहा - दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक हैदराबाद में हुई। देश तो 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था लेकिन हैदराबाद 17 सितंबर 1948 के बाद आजाद हुआ । तो हैदराबाद में बड़ा फंक्शन हुआ। साथ ही सीडब्ल्यूसी की बैठक खड़गे जी के अध्यक्षता में हुई। जिसमें राहुल गांधी समेत कई बड़ी नेता शामिल हुए । रायपुर अधिवेशन के बाद सीडब्ल्यूसी का गठन किया गया था जिसकी पहली बैठक हैदराबाद में हुई । इस बैठक में कई अहम फैसलों पर चर्चा हुई विधानसभा चुनाव के साथ-साथ लोकसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई । लोकसभा चुनाव में हमें किस तरह जाना है इस पर भी चर्चा हुई । आज विस्तृत चर्चा हुई जिसमें पीसीसी चीफ सीएलपी लीडर और सेंट्रल एक्शन कमेटी के सदस्यों को भी आज बुलाया गया था आज विस्तार से चर्चा हुई है 2 दिन की बैठक बहुत शानदार रहा

**कांग्रेस विधायक के वायरल वीडियो पर बोले-**

*भूपेश बघेल ने चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव के नोट वाले वायरल वीडियो पर कहा- किसी ने आरोप लगाया है क्या कि पैसा किसी ने दिया है या वो किसी से ले रहे हैं ? बैठे हैं किसी के घर में और नोट रखे हुए हैं ना कोई दावा कर रहा है उसे लेने का ना कोई दावा कर रहा है, उसे देने का । बीजेपी और खासकर ओपी चौधरी एसईसीएल के मामले में भी जो वीडियो डाले थे वो आप सब जानते हैं। इस समय भी चौधरी बढ़चढ़ कर का ट्वीट कर रहे हैं।*

## धनवादा कंपनी के प्रोजेक्ट में प्रभावित सैकड़ों पेड़ों को काटकर दफनाया ?

### किसने काटा, कहां गए पता नहीं- प्रोजेक्ट मैनेजर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

क्षेत्र में निजी कंपनियों द्वारा नियमों को धता बताते हुए लगातार अवैध गतिविधियों को बेधड़क अंजाम दिया जा रहा है। वहीं, ऐसे कारनामों को जिम्मेदारों द्वारा गंभीर रूप से नजरअंदाज किए जाने का सिलसिला जारी है।



अब धरमजयगढ़ क्षेत्र में एक ऐसा ही सनसनी खेज मामला सामने आया है। जिसमें परियोजना में प्रभावित होने वाले सैकड़ों पेड़ों को अवैध तरीके से काट दिया गया। हैरानी की बात यह है कि कंपनी द्वारा सैकड़ों की संख्या में प्रभावित पेड़ों की अवैध कटाई कर दी गई और किसी को भी कानोकान खबर नहीं हुई। यह पूरा मामला धरमजयगढ़ तहसील के भालूपखना का है। जहां धनवादा पावर एन्ड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा एक लघु जल विद्युत परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें फि लहाल साइट पर कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। अब इस परियोजना को लेकर एक बड़ी भर्राशाही सामने आई है। इस प्रोजेक्ट में प्रभावित हुए सैकड़ों वृक्षों को अवैध तरीके से कटवाकर गायब कर दिया गया। इस पूरे मामले पर संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच पति ने बताया कि परियोजना के लिए काटे गए वृक्षों की संख्या करीब एक हजार रही होगी। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा जेसीबी मशीन से पेड़ों को धराशायी करते हुए उसे दफना दिया गया। सरपंच पति ने बताया कि पेड़ कटाई के दौरान कोई भी विभागीय अधिकारी या कर्मचारी वहां मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा मनमाने ढंग से और भी कई काम किया जा रहा है। इस तरह धनवादा कंपनी के इस प्रोजेक्ट में प्रभावित सैकड़ों पेड़ों की अंधाधुन अवैध कटाई कर दी गई। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि किन लोगों के शह पर कंपनी के लोगों ने इस तरह की दबंगई दिखाने की हिम्मत की। इस हैरतअंगेज कथित कारनामे को लेकर इस प्रोजेक्ट के मैनेजर ने बताया कि काम शुरू होने के बाद वे बाहर चले गए थे। उन्होंने एक नंबर पर बात करने की बात कहते हुए रोहित श्रीवास्तव का नंबर दिया। रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभावित पेड़ों की मुआवजा राशि शासन को अंतरित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि पेड़ किसने काटे और कहां गए इसकी जानकारी नहीं है।

## बस्तर दशहरा के लिए 1 करोड़ 10 लाख का बजट

जगदलपुर । विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के लिए इस साल करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपए का बजट तैयार किया गया है। दशहरा में अलग-अलग विधान के लिए शराब, बकरा और मछली के लिए करीब 14 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।



पिछले साल 75 लाख का बजट था। जिसमें 20 लाख रुपए अधिक खर्च हुए और 95 लाख रुपए में दशहरा पर्व मनाया गया था। साथ ही समिति के सदस्यों ने 2 नए उपाध्यक्ष भी मनोनीत किए हैं। दरअसल, इस साल अधिकमास के चलते 75 दिनों का बस्तर दशहरा 107 दिनों तक मनाया जाएगा। 17 जुलाई को इसकी शुरुआत हो चुकी है। अब 27 सितंबर को डेढ़ी गड़ाई की रस्म अदा की जाएगी। जिसके बाद से लगातार एक के बाद एक विधान होंगे। बस्तर जिले के के कलेक्टर विजय दयाराम के ने कहा कि महंगाई के चलते हर साल पर्व मनाने खर्च में बढ़ोतरी हो रही है। साल 2022 में बस्तर दशहरा के लिए 75 लाख रुपए का बजट तैयात किया गया था। लेकिन, सामानों की कीमतों में साल 2021 की तुलना में 2022 इजाफा हुआ था। जब कैलकुलेशन किया गया था तो उस समय 20 लाख रुपए अधिक खर्च हुए थे। इसलिए इस बार 1 करोड़ 10 लाख रुपए का बजट तैयार लिया गया है। राज्य शासन से पैसे मांगे गए हैं।

### 2 नए उपाध्यक्ष मनोनीत

*बस्तर दशहरा समिति ने साल 2023 के लिए 2 नए उपाध्यक्ष मनोनीत किए हैं। केरकोटी मांझी और मंगलू मांझी उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। जिन्हें सभी सदस्यों ने सहमति दी है। समिति के अध्यक्ष और बस्तर सांसद दीपक बैज ने कहा कि, चुनाव के चलते वे पर्व में शामिल न हो पाएं। इसलिए इस साल पर्व को धूम-धाम से मनाने की जिमेदारी उपाध्यक्ष की होगी।*

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी तीजा तिहार की बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोक तिहार तीजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी लोगों के लिए सुख, समृद्धि की कामना की है। श्री बघेल ने सभी तीजहारिन माताओं और बहनों के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में तीजा पर्व का अपना विशेष महत्व है। महिलाओं द्वारा हरतालिका तीजा पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। माताएं-बहनें तीजा मनाने ससुराल से मायके आती हैं। महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए तीजा पर्व के एक दिन पहले करूभात ग्रहण कर निर्जला व्रत रखती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से सुहागिन स्त्रियों को शिव-पार्वती अखंड सौभाग्य का वरदान देते हैं, वहीं कुंवारी लड़कियों को मनचाहे वर की प्राप्ति होती है।



कांग्रेस नेताओं पर कार्रवाई का डंडा

## विधायक के खिलाफ बोलने पर रायपुर के पार्षद को नोटिस, बेमेतरा में नेता को पार्टी से निकाला

**रायपुर ।** पहला मामला रायपुर का है कांग्रेस पार्षद नागभूषण राव को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। नाभूषण राव ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर विधायक सतनारायण शर्मा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर दिया था। मामला कुछ दिन पहले का है, अपने क्षेत्र में पट्टा देने वाली सर्वे लिस्ट से सैकड़ों गरीब परिवारों का नाम हट जाने का विरोध करते हुए राव ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया था। कांग्रेस पार्टी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदु ने यह नोटिस जारी किया है । नोटिस में लिखा है कि राव ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक और वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा के विरुध्द अनर्गल टिप्पणी किये जाने की जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संज्ञान में आया है, जिसे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने गंभीरता से लिया है। वरिष्ठ विधायक के विरूध्द की गयी टिप्पणी अनुशासनहीनता की परीधि में आता है। प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार कारण बताओं नोटिस जारी किया जाता है। जारी नोटिस का लिखित जवाब / स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 3 दिवस के भीतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को देनी होगी । नोटिस मिलने के बाद दैनिक भास्कर से बात करते हुए कांग्रेस पार्षद नागभूषण राव का कहना है कि मैंने कोई भी टिप्पणी अपने विधायक के खिलाफ नहीं की। मुझे कारण बताओं नोटिस मिला है 3 दिन के अंदर में इसका स्पष्टीकरण अपनी पार्टी को सौंपुंगा। पार्टी की ओर से जो पत्र प्राप्त हुआ है उसमें वरिष्ठ विधायक पर टिप्पणी का जिक्र है मैंने अपना विधायक के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की है।



## वन मंत्री की पहल पर बैगा जनजाति की महिलाओं को वनोपज के भंडारण, पैकेजिंग और विपणन विषय पर प्रशिक्षण



**रायपुर।** राज्य सरकार प्रदेश के विशेष संरक्षित जनजातीय समुदाय की महिलाओं को कला संस्कृति और परंपरा के साथ-साथ स्थानीय रोजगारों पर प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रही है। इसी कड़ी में कबीरधाम जिले में विशेष संरक्षित बैगा जनजाति की लीडरशीप करने वाली महिलाओं को वनोपज के भंडारण, पैकेजिंग और विपणन विषय पर प्रशिक्षण देकर स्थानीय स्वरोजगारों से जोड़ा जा रहा है।

## बैरिस्टर साहब के एकता, सरलता, भाईचारा और समानता के गुणों को सभी को अपनाना चाहिए - डॉ. चरणदास महंत

### विधानसभा अध्यक्ष ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह का किया शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में संविधान निर्मात्री सभा के पूर्ण कालिक सदस्य एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की 67 वीं पुण्य स्मृति में दो दिवसीय स्मृति समारोह का शहीद स्मारक परिसर (कचहरी चौक) जांजगीर में आज शुभारंभ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन कर विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, शहीद परिवार के परिजनों एवं बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। इसके साथ विभिन्न विधाओं में प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालें विद्यार्थियों, खिलाड़ियों को भी प्रशस्ति प्रत्र एवं मोमेन्टो एवं खेल सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का किया निरीक्षण

विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने जो त्याग और बलिदान दिया है आज उसे समझने का दिन है। छत्तीसगढ़ शासन बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि को राज्य और देश के प्रति किये गए योगदान के लिए मनाती हैं। हम सब को उन्हें याद करना चाहिए उनके चरित्र को समझते हुए अपनाना चाहिए।

सियासी पार्टियों में उठने लगे बगावती सुर

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद के कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल साइंस कॉलेज प्रांगण, बिलासपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर शहर में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के बहुउद्देशीय परिसर का शिलान्यास किया। साथ ही 01 करोड़ 85 लाख की लागत से स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम कॉलेज बिलासपुर के भवन उन्नयन कार्य का लोकार्पण तथा बेलतरा में नवीन शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री बघेल ने विप्र समाज के 60 वरिष्ठजनों और युवा प्रतिभाओं को समाज की ओर से शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। ब्राह्मण समाज द्वारा प्रकाशित सामाजिक एवं सांस्कृतिक पत्रिका सरयू द्विज का विमोचन भी मुख्यमंत्री ने किया। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि सभी समाज को सामाजिक कार्यों एवं बच्चों की पढ़ाई-लिखाई सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए भवन की आवश्यकता होती है, कई समाज संपन्न होने के बावजूद भी स्वयं का सामाजिक भवन नहीं बना पाते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी समाजों को जिला एवं राज्य स्तर पर जमीन आबंटित किया है। पिछले पांच सालों में हमने छत्तीसगढ़िया संस्कृति और लोक परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम किया। इससे यहां के तीज-त्यौहार, खान-पान, पुरातन खेलकूद को नई पहचान मिली है। आज प्रदेश के गांव की महत्ता बढ़ रही है। गांव पहले सिर्फ खेती-किसानी के लिए जाने जाते थे, अब हमारे गांव सांस्कृतिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त हो रहे हैं।मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने प्रदेश के न्यायधानी में ब्राम्हण समाज के लिए जमीन देने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के ब्राह्मण समाज ने राज्य के कई प्रमुख आंदोलन की अगुवाई की है। ब्राह्मण समाज ने अन्य समाज के लोगों को ज्ञान एवं राह दिखाने का कार्य किया है।





### बेलतरा में नवीन शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ

### छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण बहुउद्देशीय परिसर का किया शिलान्यास

# सिर्फ चकाचौंध काफी नहीं, एजेंडा पूरा करने के लिए बदलनी होंगी नीतियां या सरकार

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाकई एक शो-मैन हैं। जी-20 सम्मेलन में तमाम वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में भी वह विश्वास से भरे और सहज लग रहे थे। उनके पास एक टीम है, जो उनके बोलने के लिए नोट्स तैयार करती है, ताकि उनके मुंह से कोई गलत शब्द न निकले। इतना ही नहीं, अपने किसी मंत्री को एक इंच भी जगह दिए बगैर कैमरे के पूरे फ्रेम पर कब्जा कैसे करना है, यह कोई उनसे सीखे!

माननीय प्रधानमंत्री ने अपनी आदत के अनुसार न सिर्फ मीडिया को खुद से दूर रखा, इसके साथ ही, उनकी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया, कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन उत्साही पत्रकारों से सवाल न ले पाएं। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की निराशा समझी जा सकती है, जब उन्हें यह बताया गया कि बाइडन अब अगले पड़ाव वियतनाम में जी-20 सम्मेलन से जुड़े सवालों का जवाब देंगे।




### चकाचौंध से भरी शैली

पैसों की तो कोई कमी है ही नहीं। पूरी दिल्ली की सड़कों की मरम्मत की गई, गमले, पेड़-पौधे, घास लगाई गईं। मूर्तियां और होर्डिंग्स लगाए गए और पूरी दिल्ली को रोशनी से नहला दिया गया। एक शहर में जितनी सजावट की जरूरत होती है, उससे ज्यादा की गई। आलम यह है कि सजावट की जो सामग्री बच गई है, उनका अगले आयोजन स्थल रियो डि जेनेरियो में भी उपयोग किया जा सकता है! हर तरफ एक ही चेहरा था। यहां तक कि दौरे पर आए नेतागणों को भी किसी विज्ञापन बोर्ड में रत्ती भर जगह नहीं दी गई।

### भारी-भरकम घोषणाएं

ऐसे सम्मेलनों के बाद भारी-भरकम घोषणापत्र अमूमन जारी किए ही जाते हैं, दिल्ली घोषणापत्र भी इसका अपवाद नहीं रहा। मिसाल के लिए, इसकी कुछ पंक्तियां = 'हम इतिहास के एक निर्णायक क्षण में खड़े हैं, और यहां हम जो फैसले लेंगे, वे हमारे लोगों और हमारे ग्रह के भविष्य को निर्धारित करेंगे।' मुझे लगता है कि यही शब्द पिछले सम्मेलनों में भी उपयोग में लाए गए होंगे और निस्संदेह, भविष्य में भी लाए जाएंगे।

### सकारात्मक उपलब्धियां

यूक्रेन पर युद्ध थोपा गया है, सीधे-सीधे यह न कहते हुए भी यूक्रेन में युद्ध के लिए सही शब्दों का इस्तेमाल करना। फिर, रूस और अमेरिका (सहयोगियों समेत) को शब्दों के इस हेर-फेर पर सहमत करना वाकई उपलब्धि है। पुतिन और जिनपिंग की गैर-मौजूदगी ने शायद यह काम आसान कर दिया। मुझे ऐसा महसूस हुआ कि कोई भी यूक्रेन पर बात नहीं करना चाहता था, ताकि आर्थिक मुद्दे सम्मेलन में केंद्रीय महत्व के बने रहें, जो कि जी- 20 का मुख्य क्षेत्र है। सभी देशों के लिए व्यापार व निवेश का एक अनुकूल माहौल तैयार करने और 2024 तक सभी सदस्य देशों के लिए एक पूर्ण व बेहतर ढंग से संचालित होने वाली विवादों के निपटान की व्यवस्था तैयार करने के लिए विश्व व्यापार संगठन के प्रति सशक्त प्रतिबद्धता व्यक्त करना। विश्व व्यापार संगठन की महानिदेशक सुश्री नगोजी ओकोन्जो-आइवियेला ने जी-20 पर जरूर नजर रखी होंगी। श्रम बल भागीदारी में अंतराल में कमी लाने, रोजगार के अवसरों तक समावेशी पहुंच को कायम करने, वेतन में लिंगाधारित फर्क में कमी लाने, यौन हिंसा, महिलाओं के खिलाफ होने वाले दुर्व्यवहार और उत्पीड़न सहित सभी तरह की लिंगाधारित हिंसा में कमी लाने, कार्य-स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और लैंगिक असमानताओं को कायम रखने वाली रूढ़ियां खत्म करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई। आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की गई। इसमें जाति संहार, नस्लवाद और असहिष्णुता के दूसरे सभी रूपों के आधार पर धर्म के नाम पर किया जा रहा आतंकवाद शामिल है। शांति के लिए सभी धर्मों के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की गई। कुल मिलाकर 34 पृष्ठों और 83 पैराग्राफों वाली यह घोषणा, पहले की गई घोषणाओं और पहलों का पुनर्पाठ मात्र थीं।

### चुनौतियां

> **सरकार खुद को पीठ ठोंकने वाले अंदाज में पेश तो कर रही है, पर आंकड़ों की मानें, तो पता चलेगा कि जिन एजेंडों की घोषणा हो रही है, उन्हें पूरा करने के लिए या तो सरकार को नीतियां बदलनी होंगी, या लोगों को सरकार।**

सरकार के इस दावे को मीडिया ने भी श्रद्धापूर्वक कवर किया कि भारत ने जी-20 देशों के बीच एक प्रमुख दर्जा हासिल कर लिया है और 2023 की भारतीय अध्यक्षता सही मायनों में ऐतिहासिक रही। भारत ने यह दावा भी किया है कि इस दर्जे को पाने की मुख्य वजह आर्थिक मोर्चे पर किया गया उसका असाधारण प्रदर्शन और प्रधानमंत्री का नेतृत्व है। सबको पता है कि जी-20 की अध्यक्षता किसी प्रतिस्पर्धी बोली से नहीं जीती जाती। यह तो चक्रीय क्रम में चलती है। वर्ष 2024 में ब्राजील अध्यक्ष होगा और फिर, 2025 में दक्षिण अफ्रीका। 2026 में अमेरिका के अध्यक्ष बनने के साथ नया चक्र शुरू होगा। इसके अलावा, पिछले नौ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन असाधारण भी नहीं रहा है। भारत की विकास दर तो मध्यम (औसतन 5.7 फीसदी) रही है। प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. अशोक मोदी सहित अन्य लोगों ने भी वृद्धि के बताए जा रहे आंकड़े की आलोचना की है।

अनिल त्रिगुणायत

## संपादकीय

### मुट्ठी पूरी खुल गई?

अभी तक लोगों का ध्यान इस पर ही लगा है कि क्या सरकार विशेष सत्र में कोई और बड़ा चौंकाने वाला कदम भी उठाएगी, इसलिए आशंका है कि निर्वाचन आयुक्तों से संबंधी विधेयक बिना पूरी सार्वजनिक जांच-पड़ताल के ही कानून का रूप ले ले।

जैसे केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र बुलाने का एलान कर सबको चौंकाया था, वैसे ही उसने बुधवार देर रात सत्र का एजेंडा जारी कर लोगों को अटकलें लगाने की मानसिकता में डाल है। इसलिए कि जो अधिसूचना जारी की गई, उसे इंडिकेटिव (सूचक) एजेंडा कहा गया है। यानी उसमें यह गुंजाइश छोड़ी दी गई है कि सरकार सत्र के पांच दिनों के दौरान कोई और भी चौंकाने वाला विधायी कदम उठा सकती है। वैसे जो एजेंडा बताया गया है, वह भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। उसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया बदलने संबंधी उस बिल को पारित कराना भी शामिल है, जिसे सरकार ने मानसून सत्र के आखिर में पेश किया था। यह बिल पास होने के बाद निर्वाचन आयुक्तों को नियुक्त करने वाली कमेटी में सरकार का बहुमत हो जाएगा, जबकि भारत के प्रधान न्यायाधीश उस कमेटी से बाहर हो जाएंगे। जैसाकि पहले ही बताया गया था, अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति नवंबर में होनी है, जबकि संसद का अगला सामान्य सत्र दिसंबर में होता। उस स्थिति में सरकार की सारी गणना नाकाम हो सकती थी। लेकिन यह एक खतरनाक कदम है।

# खेलों का नया युग: पीएम के प्रयासों से खेल शक्ति बनकर उभर रहा भारत, युवाओं को राष्ट्रनिर्माण की ओर ले जाना मकसद

युवा किसी भी देश का वर्तमान और भविष्य हैं। वो देश की नींव हैं, जिस पर देश की प्रगति और विकास निर्भर करता है। दुनिया में युवा शक्ति को रचनात्मक एवं सृजनात्मक दिशाओं में नियोजित करके ही नयी विश्व-संरचना बना सकते हैं, क्योंकि युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इसका समुचित उपयोग हो, इसी ध्येय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार काम कर रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि युवाशक्ति का उपयोग विध्वंस में न होकर राष्ट्र के पुनर्निर्माण में हो। वे चाहते हैं कि आम-जनजीवन में भी युवाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित की जाए। 73 साल की उम्र में भी उनमें किसी युवा से ज्यादा जोश, ऊर्जा और देश के लिए कुछ कर गुजरने का जूनून है।

### यह नए अवसरों का समय

युवा देश की 'अमृत पीढ़ी' का प्रतिनिधित्व करते हैं जो एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेगी। भारत के युवाओं के लिए यह नए अवसरों का समय है। अब इस युवा शक्ति के सामर्थ्य से भारत को विश्व पटल पर अग्रणी बनाने का समय आ गया है। यही समय है, सही समय है। पिछले 9 वर्षों में भारत में खेलों का भी एक नया युग शुरू हुआ है। यह विश्व में भारत को एक खेल शक्ति बनाने का ही नहीं है बल्कि ये खेलों के माध्यम से समाज के सशक्तिकरण का भी नया दौर है।



देश में खेलों को बढ़ावा देने में भी हमारे प्रधानमंत्री ने अद्वितीय भूमिका निभाई। खेलो इंडिया, खेल महाकुंभ जैसे स्पोर्ट्स इवेंट्स उनकी ही सोच हैं, जिनसे आज युवा खिलाड़ियों के पास अपनी प्रतिभा को साबित करने के भरपूर अवसर मिल रहे हैं।

हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्पोर्ट्स को एक विषय के रूप में पढ़ाया जाना प्रस्तावित है। देश की पहली राष्ट्रीय खेल यूनिवर्सिटी के निर्माण से इसे और मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देते हैं। वे हमारी जीत में तो खुश होते ही हैं, हार में भी हमें उनसे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। ऐसे कई उदाहरण हैं। वे खिलाड़ियों के लिए सच्चे अर्थों में प्रेरणास्रोत हैं।

### प्रोत्साहन और सम्मान मिला

मुझे याद है, जब मैंने वर्षों तक क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद संन्यास लिया तो उन्होंने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' में 26 जून 2022 को मेरी चर्चा की और मुझे भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। कुछ दिनों बाद एक बार फिर मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा जब मुझे उनका पत्र मिला। पीएम मोदी मुझ जैसे लाखों लोगों के लिए एक आदर्श और प्रेरणा हैं।

### खुद को साबित करने का जज्बा जगा

**देश में खेल को बढ़ावा देने में भी हमारे प्रधानमंत्री ने अद्वितीय भूमिका निभाई। खेलो इंडिया, खेल महाकुंभ जैसे स्पोर्ट्स इवेंट्स उनकी ही सोच है जिससे आज युवा खिलाड़ियों के पास अपनी प्रतिभा को साबित करने का भरपूर अवसर मिल रहा है। वे अपने लोकप्रिय गैर-राजनीतिक कार्यक्रम 'मन की बात' में अक्सर खेल और खिलाड़ियों की चर्चा करते हैं।**

## मिला जुला

### एम और गुजरात में जबरदस्त बारिश की भविष्यवाणी, रेड अलर्ट जारी



**नई दिल्ली ए.।** कई राज्यों में मौसम बदल रहा है। बीते कुछ दिनों से राजधानी दिल्ली में रोज बारिश हो रही है। ऐसे में मौसम विभाग ने आज (रविवार) को गुजरात के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी कर दिया है। IMD के मुताबिक, गुजरात में 17 और 18 सितंबर को भारी से अत्यधिक भारी बारिश हो सकती है। वहीं 19 तारीख के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके अलावा मध्य प्रदेश में भी आज तेज बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

#### गुजरात के मौसम का हाल?

मौसम विभाग ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि गुजरात में 17 और 18 सितंबर को जबरदस्त बारिश हो सकती है। राज्य में 204.4 मिमी से अधिक बरसात की भविष्यवाणी की गई है। दोनों दिन के लिए रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। वहीं 19 सितंबर को भी राज्य में भारी बारिश हो सकती है। ढ्ढरूष्ठ ने सभी को सुरक्षित रहने की सलाह दी है।

#### नर्मदा जिले के सभी स्कूल-कॉलेज बंद

नर्मदा बांध से पानी छोड़े जाने के बाद नर्मदा जिले के कई गांवों में बाढ़ की खबरों को देखते हुए जिला प्रशासन ने सोमवार को जिले के सभी स्कूल, कॉलेज और आईटीआई बंद रखने की नोटिस जारी की है। बता दें कि नदी में बढ़े जलस्तर के कारण नर्मदा नदी के किनारे के कई गांवों को अलर्ट पर रखा गया था।

*मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य प्रदेश के तीन जिलों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान सबसे अधिक बरसात हुई।*

### तेलंगाना से 100 दिन अंदर BRS सरकार हटेगी

# हमारी सरकार बनी तो सिलेंडर 500 में, महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देंगे- राहुल गांधी

हैदराबाद ए.। राहुल ने तेलंगाना की जनता को 6 गारंटियां दीं। उन्होंने कहा कि राज्य में हमारी सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर महिला को 2500 रुपए हर महीने दिए जाएंगे। गैस सिलेंडर 500 रुपए में मिलेगा। साथ ही महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त सफर की व्यवस्था की जाएगी। राज्य के हर नागरिक को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी।

इसके साथ ही युवाओं को कॉलेज में एडमिशन के लिए एग्जाम देना पड़ता है, जिसकी तैयारी के लिए हम युवाओं को कोचिंग के लिए 5 लाख रुपए देंगे। बुजुर्गों को हर महीने 4000 रुपए की पेंशन, हर नागरिक को 10 लाख स्वास्थ्य बीमा, जिन लोगों के पास घर नहीं है, उन्हें 5 लाख रुपए की मदद।



तेलंगाना राज्य की मांग के लिए लड़ने वाले लोगों को 250 स्कॉयर फीट का घर हमारी सरकार बनने पर मिलेगा। वहीं, किसानों को हर साल 15 हजार रुपए और मजदूरों को 12 हजार रुपए दिए जाएंगे।

#### बीजेपी, बीआरएस और एमआईएमआईएम अलग नहीं, एक पार्टी है

राजनीति में बहुत जरूरी होता है कि हमें मालूम हो हम किससे लड़ रहे हैं। तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी सिर्फ BRS से नहीं लड़ रही, बल्कि हम BRS, BJP, MIMIM से लड़ रही है। ये पार्टियां खुद को अलग बताती हैं, लेकिन असल में एक हैं। बीजेपी को जब भी जरूरत पड़ती है, BRS ने उसका साथ दिया है। किसानों के बिल का मामला हो या जीएसटी का।

#### हमने तेलंगाना को स्टेटहुड दिया

सोनिया गांधी जो कहती हैं वो पूरा करती हैं। 2004 में सोनिया गांधी ने कहा था कि तेलंगाना के बारे में हम सोचेंगे और उन्होंने जो कहा वो करके दिखा दिया। आपका जो सपना था, तेलंगाना राज्य का सपना, वो सोनिया जी ने पूरा किया। BRS को हम बीजेपी रिश्तेदार समिति कहते हैं। पूरा का पूरा फायदा सीएम के परिवार को मिलता है। हमने तेलंगाना को स्टेटहुड केसीआर के परिवार के फायदे के लिए नहीं दिया था, बल्कि गरीबों के लिए, मजदूरों के लिए दिया था। सोनिया गांधी ने भी संबोधन के दौरान राज्य की जनता को सरकार बनने पर यही गारंटियां पूरी करने का वादा किया। इसके अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी जनसभा को संबोधित किया। अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने ही तेलंगाना को अलग राज्य का दर्जा दिलाया। वहीं, मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री वोट लेने के लिए झूठ बोलते हैं। पीएम मोदी ने चुनाव से पहले सबसे खाते में 15 लाख रुपए देने का वादा किया था, क्या आपके खाते में रुपए आए।



### 'हैदराबाद लिबरेशन डे' कार्यक्रम में शामिल हुए अमित शाह

# पुरानी सरकारों ने तुष्टीकरण की राजनीति के चलते जश्न नहीं मनाया- शाह

हैदराबाद। अमित शाह रविवार को 'हैदराबाद लिबरेशन डे' कार्यक्रम में शामिल हुए। हैदराबाद के परेड ग्राउंड में हुए कार्यक्रम में गृह मंत्री शाह ने लिबरेशन डे नहीं मनाने के लिए पुरानी सरकारों पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि पिछले 75 सालों में किसी सरकार ने 'हैदराबाद लिबरेशन डे' नहीं मनाया। तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति के चलते पुरानी सरकारें इसका जश्न मनाने से डरती रहीं। इतिहास से मुंह मोड़ने वालों से देश की जनता भी मुंह मोड़ लेगी।



#### शाह बोले- सरदार पटेल और केएम मुंशी ने आजादी दिलाई

*अमित शाह ने कहा- सरदार पटेल और केएम मुंशी जैसे नेता हैदराबाद की आजादी के लिए जिम्मेदार हैं। अंग्रेजों से आजादी मिलने के बाद 399 दिनों तक हैदराबाद पर क्रूर निजाम ने राज किया। ये दिन लोगों के लिए परेशानियों से भरे थे। सरदार पटेल ने 400वें दिन राज्य को आजादी दिलाने में मदद की। इसके लिए कई संगठनों ने भी संघर्ष किया। तेलंगाना, मराठावाड़ और कर्नाटक के लोगों को शहीदों के बलिदान को याद रखना चाहिए।*

### 371 करोड़ के घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता चंद्रबाबू नायडू,

# टीडीपी चीफ ने रचा करप्शन का पूरा खाका- सीआईडी

**नई दिल्ली ए.।** आंध्र प्रदेश क्राइम इन्वेस्टीगेशन डिपार्टमेंट के प्रमुख एन संजय ने कौशल विकास घोटाले में चंद्रबाबू नायडू को मुख्य साजिशकर्ता बताया है। उन्होंने कहा कि नायडू ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान इस भ्रष्टाचार का पूरा खाका तैयार किया। दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संजय ने कहा, यह 371 करोड़ रुपये के सरकारी धन का घोटाला है। यह पैसा AP सरकार की ओर से सीमेंस नामक कंपनी को नॉमिनेशन के रूप में दिया गया। इस तरह महज नामांकन के आधार पर ही पैसा सरकार के हाथों से बाहर चला गया। 371 करोड़ रुपये में से 241 करोड़ रुपये दूसरी प्राइवेट कंपनियों को जा रहे थे। ED की जांच में भी यह बात सामने आई। एन संजय ने एपी कौशल विकास घोटाले को लेकर डिटेल में जानकारी दी।



उन्होंने कहा, पूरा घोटाला 90=10 फॉर्मूले के प्रोजेक्शन के कारण हुआ। सीमेंस का दावा है कि उनका इस सब से कोई लेना-देना नहीं है क्योंकि कंपनी का मुख्यालय तो जर्मनी में है। दरअसल, कई लोगों को धन दिया गया था जो लोग ट्रेनिंग से जुड़े कामों में शामिल थे। उन्होंने आगे कहा कि चंद्रबाबू नायडू इस घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता रहे। नायडू और उनके तत्कालीन कौशल विकास मंत्री ने मंत्रिपरिषद के समक्ष झूठे आंकड़े पेश किए थे।

# रीपा योजना से ग्रामीणों के जीवन में आया बदलाव

## बीते 6 माह में जिले की रीपा में हितग्राहियों ने विक्रय किया 1 करोड़ का उत्पाद

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से खेती–किसानी के साथ ही गांव में उद्यम लगाने के लिए वित्तीय एवं तकनीकी मदद करने के मकसद से रीपा योजना शुरू की है।

सफलता की कहानी








जिसके तहत कृषक उत्पादक समूहों एवं महिलाओं के स्व–सहायता समूहों को उद्योग लगाने में हर प्रकार की मदद की जाती है। रीपा योजना की सहायता से स्व–सहायता समूहों की महिलाएं विभिन्न आयमूलक गतिविधियां संचालित कर रही है। इससे न केवल इन महिलाओं के परिवार की वित्तीय स्थिति सुधरी है बल्कि गांव की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। रीपा योजना से जुड़कर ग्रामीणों के जीवन में बदलाव आया है। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार रीपा योजना अंतर्गत बीते 6 माह में कुल 14 रीपा में हितग्राहियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें 1 करोड़ से अधिक का उत्पादन कर बाजार में विक्रय किया गया। जिससे 25 लाख से अधिक की राशि का आय प्राप्त हो चुकी है। रीपा योजना से लाभ पाकर हितग्राहियों ने कहा यह हमारे लिए एक वरदान से कम नहीं है। जिले में इस प्रकार के 14 रीपा (प्रथम चरण में प्रत्येक विकास खंड में 2 रीपा) बनाये जाकर विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के तहत रीपा ग्राम के इच्छुक बड़े किसान, छोटे उद्यमी, राजीव गांधी मितान क्लब, बेरोजगारी भत्ता पाने वाने हितग्राही, एसएचजी की महिलायें एवं युवक–युवतियों सभी को आवश्यकता अनुसार वर्किंग शेड, बिजली व्यवस्था, पानी, इन्टरनेट, पार्किंग इत्यादि की सुविधाएं प्रदाय की जा रही है, जिससे की वो अपना उद्यम (सेटअप) आसानी से लगा कर ग्रामीण बेरोजगार युवक–युवतियों को काम दे सके तथा उनके एवं उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। हर रीपा में अलग–अलग मांग अनुसार उद्यमियों द्वारा उद्यम की स्थापना की गई है तथा लगातार अन्य जरूरतमंद उद्यमियों को स्थान दिया जा रहा है। खरसिया के बोतल्दा रीपा को पर्यटन, तो वही तमनार में सीएनसी कार्य को बढ़ावा, लैलूंगा के जैविक जवाफूल चावल की सुगंध, साथ ही विभिन्न उद्यमियों द्वारा मूर्ति निर्माण, मिट्टी के बर्तन, फेब्रिकेशन, सीमेंट गमला, मुर्रा मिल, बेकरी उत्पाद, जूट के बैग, मिल्लेट्स के जैविक उत्पाद, मशरुम उत्पादन, मुर्गी पालन, फ्लाई ऐस ब्रिक्स, फिनाईल, संबलपुरी साड़ी जैसे अनेकों उद्यमों में काम किया जा रहा है। अपना सुरक्षित भण्डारण, प्रसंस्करण, पैकिंग तथा ब्रांडिंग कर उत्पाद को अच्छे तरीके से बाजार में बेच रहे है। रीपा से महिला एवं पुरुष दोनों को लाभ दिए जाने की मंशा से कार्य को किया जा रहा है।

### रीपा उद्यमियों को मिल रहा लोन

*रीपा उद्यमियों को उद्यम सेटअप हेतु पीएमईजीपी प्रकरण बनाकर समुचित लोन प्रदाय कराया जा रहा है, अभी तक कुल 7 व्यक्तिगत हितग्राहियों को उद्यम हेतु 74 लाख से अधिक रूपये का लोन दिया गया है। जिले में 67 व्यक्तिगत हितग्राही विभिन्न रीपा में कार्य कर रहे है। 40 से अधिक उद्यमियों को रीपा से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कार्यशील पूंजी दिया गया है। साथ ही उद्यमियों में कौशल विकास एवं क्षमता वृद्धि हेतु केवीके/आरसेटी अन्य जिलों का भ्रमण कराया जा रहा है, वहीं प्राइवेट कंपनियों से प्रशिक्षण की व्यवस्था लगातार की जा रही है। जिससे की वो पूर्ण दक्षता के साथ अपने कार्य को कर पाए एवं अच्छी आय अर्जित कर पाए।*

## एक नजर

### मुख्यमंत्री का आज बीजापुर प्रवास

457 करोड़ 58 लाख रुपए के विकास कार्यों का देंगें सौगात

**बीजापुर** । छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल का आज एक दिवसीय प्रवास बीजापुर मे प्रस्तावित है। प्रवास के दौरान जिले के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन मुख्यमंत्री द्वारा की जाएगी। जिसमें लोकार्पण के कुल 99 कार्यों की कुल लागत123 करोड़ 15 लाख 83 हजार एवं भूमिपूजन के कुल 110 कार्य जिनकी लागत 334 करोड़ 42 लाख 61 हजार शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा गारमेंट फैक्ट्री, सेन्ट्रल लाइब्रेरी, लोहाडोंगरी के कार्यो सहित विभिन्न कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन सहित मिनी स्टैडियम में भरोसे का सम्मेलन का आयोजन भी होगा जहां जिले के विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

### पूर्व सरपंच के दशगात्र में शामिल हुए जैन

**जगदलपुर** । रविवार सुबह करनपुर के पूर्व सरपंच सोन सिंह बघेल के दशगात्र में शामिल होने संसदीय सचिव व विधायक रेखचंद जैन पहुंचे। उन्होने शोकाकुल परिजनों को ढाँढ़स बंधाया और दशगात्र पर होने वाली पूजा में शामिल हुए। इस दौरान विधायक श्री जैन के साथ संभागीय सरपंच संघ अध्यक्ष लैखन बघेल, इंद्रावती विकास प्राधिकरण सदस्य सियाराम नाग, हाट कचोरा के पूर्व उप सरपंच दिनेश सिंह, एमआइसी सदस्य राजेश राय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गौरनाथ नाग, हेमू उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि धनुर्जय दास, नगरनार के उप सरपंच रवि दास, संजय दास, विजय सिंह आदि मौजूद थे।

### विश्वकर्मा जयंती: नगर निगम में मूर्ति स्थापित



**राजनांदगांव** । विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य पर नगर निगम के टांकाघर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रभारी सदस्य संतोष पिल्ले, कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम ने परंपरागत रूप से भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा की पूजा–अर्चना कर निगम कर्मचारियों को जयंती की शुभकामनाएं दी। जयंती के अवसर पर पुष्पवाटिका,लोककर्म विभाग में भी भगवान विश्वकर्मा की पुजा अर्चना की गयी। महापौर श्रीमती देशमुख ने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहला वास्तुकार इंजिनीयर थे। उन्होंने उस समय सृष्टि का निर्माण किया था। उन्हीं की याद में प्रति वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। आज के दिन कारखानों एवं तकनीकि शाखा में मशीनों व उपकरणों की पूजा की जाती है। आयुक्त श्री गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विश्कर्मा जयंती की बधाई देते हुये कहा कि भगवान विश्वकर्मा की देवशिल्पी के रूप में पूजा की जाती है, इन्हें सृष्टि की रचयिता कहा जाता है, विश्वकर्मा पूजा सभी कार्यालयों एवं कारखानों में की जाती है। इंजिनियर, मिस्त्री, ईलेक्ट्रिशियन, टेकनिशियन, मैकेनिक जैसे तकनीकि लोग धुमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाते है, उन्होंने कहा कि नगर निगम के टाका घर में प्रतिवर्ष तकनीकि अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर लोककर्म,जल,विद्युत व मोटर विभाग के कर्मचारियों ने भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा की पूजा–अर्चना की।

### संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक 19 सितम्बर से बिलासपुर में

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक का आयोजन स्व.बी.आर.यादव राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला–बिलासपुर में होने जा रहा है। जिसमें पुरूषों के लिए 19 सितम्बर एवं महिलाओं के लिए 21 सितम्बर को किया जाएगा। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि संभाग स्तरीय छ.ग.ओलंपिक में जिला रायगढ़ से कुल 16 खेलों के लिए 190 पुरूष, 184 महिला एवं 20 ऑफिसियल्स सहित कुल 394 सदस्यीय दल भाग लेंगे।

# रीपा से मिली जीने की नई राह

बमलेश्वरी स्व सहायता समूह के सदस्यों ने अंडा उत्पादन के माध्यम से बधाई अपनी आय



**कोंडागांव।** कोंडागांव जिले के छोटे राजपुर में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना से यहां की बमलेश्वरी स्व सहायता समूह के सदस्यों को जीने की नई राह मिली। इस समूह की अधिकांश महिलाएं अपने घरेलू कार्य के साथ मजदूरी करती थीं। खेती–किसानी के दौरान काम तो मिल जाता था, लेकिन बाकी समय इन्हें काम खोजने में मुश्किलें आती थी। गांव में ग्रामीण औद्योगिक पार्क के बाद इन्होंने यहां अंडा उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया। रीपा में इन्हें बिजली, पानी, लेयर फार्मिंग के लिए स्थान आदि सुविधाएं मिलने से कार्य प्रारंभ करने में आसानी हुई। इसी वर्ष मार्च में कार्य प्रारंभ करने के बाद यह स्व सहायता समूह अब तक 2 लाख 33 हजार 718 अंडों का उत्पादन कर चुका है, जिसमें 2 लाख 26 हजार 584 अंडों की बिक्री हो चुकी है। स्व सहायता समूह अब तक 12 लाख 91 हजार रुपए के अंडे बेच चुकी है। स्व सहायता समूह महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ ही स्थानीय व्यापारियों को भी अंडों की आपूर्ति कर रही है। आय बढ़ने से इनके जीवन स्तर में सुधार के साथ ही सम्मान में भी वृद्धि हुई है।

स्व सहायता समूह के सदस्यों ने ग्रामीण औद्योगिक पार्क के माध्यम से रोजगार का अच्छा माध्यम उपलब्ध कराते हुए आत्मनिर्भरता की राह पर ले जाने, जीवन स्तर में वृद्धि और समाज में मिल रहे सम्मान के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया है।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ ने की गौ सेवा

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्म दिवस और भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती पर जिला भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ दुर्ग ने पूजा अर्चना कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर केक काटकर खुशियां मनाई और श्री मोदी की उपलब्धियां से जनता को अवगत कराया गया, तत्पश्चात गौ माता को गुड़ खिलाकर गौ सेवा की गई। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.

शरदचंद्र अग्रवाल, जिला भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर, जिला




भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक अनूप गटागट, जवाहर जैन, आनंद अग्रवाल, अभिषेक मनहरे, सुधा सेंगर, अशोक साहू,

ओमप्रकाश पांडे, हिमांशु शुक्ला, दिलीप साहू संतोष सोनी, आशीष निंमजे, मदन वडई, कृष्ण निर्मलकर, प्रकाश साहू, नवीन पवार के अलावा भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# संकुल केंद्र धनागर में हुआ राष्ट्रीय आविष्कार मॉडल एवं क्विज प्रदर्शनी प्रतियोगिता

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



राष्ट्रीय आविष्कार मॉडल एवं क्विज कार्यक्रम अंतर्गत संकुल केंद्र धनागर रायगढ़ में संकुल प्राचार्य भरत लाल पटेल के निर्देशन व संकुल समन्वय धनागर यशपाल नायक के मार्गदर्शन में मॉडल प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। विदित हो कि संकुल केंद्र धनागार में हुए उक्त मॉडल प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता में तीन संकुलों धनागर, कुसमुरा व ननसियां के 28 विद्यालयों से आए क्विज प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला के कुल 18 प्रतिभागी तथा मॉडल प्रदर्शनी में प्राथमिक शाला के कुल 12 प्रतिभागी वह माध्यमिक शाला के कुल 16 छात्र–छात्राएं प्रतिभागियों के रूप में सम्मिलित हुए। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राथमिक शाला कुसमुरा की कुमारी महिमा चौहान, द्वितीय स्थान प्राथमिक शाला उसरौट की छात्रा कुमारी सृष्टि सारथी, माध्यमिक खंड में प्रथम स्थान माध्यमिक शाला कुसमुरा की कुमारी श्वेता पटेल तथा द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला जोरापाली के अनिरुद्ध सिदार प्राप्त किया। वही मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर प्राथमिक शाला कुसमरा द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला केनापाली और प्राथमिक शाला उसरौट तथा माध्यमिक खंड से प्रथम स्थान माध्यमिक शाला धनागर द्वितीय स्थान माध्यमिक शाला बजरंगपारा और तृतीय स्थान माध्यमिक शाला कलमी रहे। उक्त मॉडल प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता कार्यक्रम में संकुल केंद्र धनागर से माध्यमिक शाला धनागर की शिक्षिका प्रेमा सिदार प्रधान पाठिका लक्ष्मी पटेल, ज्योति कुजूर, शिक्षिका गंगा यादव, शिक्षक केशव चौधरी, अंजय सूर्यवंशी, प्राथमिक शाला धनागर से प्रधान पाठक नरेश नायक, प्राथमिक शाला बरमूडा से प्रधान पाठक चतुर्भुज पटेल, प्राथमिक शाला जोरापाली से शिक्षक प्रवीण कुमार नायक, माध्यमिक शाला जोरापाली से रोशन नायक माध्यमिक शाला कुसमरा से गिरधर चौधरी माध्यमिक शाला कलमी से शिवा पटेल व प्राथमिक शाला बनहर से सविता पटेल, प्राथमिक शाला जामपाली से पुष्पाकर पटेल प्राथमिक शाला उसरौट से राकेश कुमार यादव, माध्यमिक शाला उसरौट से कपिल देव चौहान, विनोद चौधरी, संदीप मनहर माध्यमिक शाला कुसमरा से सुरेंद्र प्रधान प्राथमिक शाला कुसमरा से लक्ष्मी पटेल विनीता एक्का, रामकुमार डनसेना, प्राथमिक शाला केनापाली से शिवप्रसाद पटेल, प्राथमिक शाला बजरंगपारा से मनीष कुमार नेगी हायर सेकेंडरी धनागर से सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं का विशेष रूप से सहयोग रहा।

# विकासखंड स्तरीय कला उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



रायगढ़ जिले के विभिन्न विकासखंडों में कला उत्सव से संबंधित विभिन्न विधाओं जिसमे एकल गायन (शास्त्रीय एवं लोकगीत) एकल नृत्य (शास्त्रीय एवं लोक नृत्य), वादन, चित्रकला (द्विविमीय एवं त्रिविमीय) मूर्ति कला, अभिनय आदि विधाओं में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा नवीं से 12वीं तक की विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, जिला मिशन समन्वयक एन.के.चौधरी के मार्गदर्शन शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल में 15 सितंबर 2023 को विकासखंड स्तरीय कला उत्सव का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रायगढ़ विकासखंड के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का पूरे उत्साह एवं मनोयोग से प्रदर्शन किया। विभिन्न विधाओं के प्रदर्शन के बाद निर्णायकों के कुशल निर्णय पश्चात जिन विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता के लिए किया गया है जिसमे वादन (स्वर वाद्य) अर्पण गुप्ता– सेंट टेरेसा स्कूल रायगढ़, वादन (अवनाद्य वाद्य)– हर्ष राज सिंह–सेंट टेरेसा स्कूल रायगढ़, गायन (पारंपरिक)– वासुदेव दुबे साधुराम विद्या मंदिर, कु कात्यायनी पालके (शास नटवर इंग्लिश स्कूल)हिंदी माध्य. शालिनी शुक्ला–(आदर्श ग्राम्य भारती किरोड़ीमल नगर),गायन– शास्त्रीय (मुस्कान ठाकुर) आदर्श ग्राम्य भारती किरोड़ीमल नगर, खिलौने नमन सिन्हा– सेंट टेरेसा स्कूल सपना जयसवाल– शास नटवर अंग्रेजी स्कूल, नृत्य (शास्त्रीय)समृद्धि शुक्ला–सेंट टेरेसा स्कूल, नृत्य (लोक) रूद्र शर्मा –सेंट टेरेसा स्कूल पायल यादव, आदर्श ग्राम्य भारती किरोड़ीमालनगर, कु निकिता मेहर (शास नटवर इंग्लिश स्कूल)हिंदी माध्य., एकल अभिनय शिक्षा सिंह–जूटमिल, दृश्यकला (त्रिआयामी)विवेक प्रधान– सेंट टेरेसा स्कूल हर्षिता पटेल, सेंट टेरेसा स्कूल, दृश्यकला (द्विआयामी)नितिन चौहान– सेंट टेरेसा स्कूल ख्वाहिश देवांगन–सेंट टेरेसा स्कूल शामिल थे।



# विश्वकर्मा जयंती पर नगर में निकली शोभा यात्रा

संघ ने पांच महिलाओ का किया सम्मान



**फरसगांव।** बस्तर राजमिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ फरसगांव के द्वारा विकासखण्ड मुख्यालय में स्थित मजदूर कार्यालय में प्रति वर्ष भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया है, कार्यक्रम का सुभारम्भ जनपद स्कुल मैदान से संघ के द्वारा मांदरी नृत्य के साथ फरसगांव नगर के प्रमुख मार्गो में कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा नगर में भ्रमण करने के पश्चात संघ भवन पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापना की गई । विश्कर्मा भगवान को निर्माण और सृजन का देवता माना जाता है उन्हें दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर भी कहा जाता है । विश्कर्मा जयंती के अवसर पर विधान सभा उपाध्यक्ष व केशकाल विधायक संत नेताम ने विश्कर्मा जयंती की बधाई दी, विधायक ने अपने अपने बच्चो को शिक्षित कर आगे बढाये और गांव, नगर और क्षेत्र के विकास में परसपर सहयोग करे और एक नई मिशाल क़ायम करे । पूर्व कलेक्टर नीलकंठ टेकाम ने पहुंचकर विश्कर्मा जयंती की बधाई दी और श्रम विभाग में सभी श्रमिकों का पंजीयन करवाकर उसका लाभ अवश्य ले । संघ के द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया गया । बस्तर राजमिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ फरसगांव के द्वारा खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया और भोजन की व्यवस्था की गई थी । बस्तर राजमिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ फरसगांव के द्वारा उत्कृष्ठ कार्य के लिए संघ की पांच महिलाओ को सम्मान स्वरूप साल और श्रीफल भेट किया गया । इस कार्यक्रम को बस्तर राज्य मिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विश्वकर्मा जयंती के कार्यक्रम को सफल बनाया गया ।

# चक्रधर समारोहः स्थानीय प्रतिभाओं की कला से सजेगा मंच

## पहली बार गणेश चतुर्थी पर होगी छुट्टी, कलेक्टर सिन्हा ने किया है स्थानीय अवकाश घोषित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

38 वें चक्रधर समारोह का 19 से 21 सितम्बर तक नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में गरिमापूर्ण आयोजन होगा। जिसकी तैयारियां लगातार जारी है। गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होने वाले चक्रधर समारोह इस बार खास होने वाला हैं, क्योंकि पहली बार गणेश चतुर्थी पर कलेक्टर सिन्हा ने स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिससे अधिक से अधिक नगरवासी समारोह का आनंद ले सकेंगे। चक्रधर समारोह में पहली बार जिले एवं प्रदेश की बहुसंख्य सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। जहां गायन-वादन और नृत्य के शीर्षस्थ कलाकारों के साथ ही युवा पीढ़ी के प्रतिभाशाली स्थानीय कलाकार भी समारोह में हिस्सा ले रहें हैं। चक्रधर समारोह में इस वर्ष युवा सहभागिता के तहत बड़ी संख्या में रायगढ़ जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं की सामूहिक नृत्य प्रस्तुति एवं स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जा रहा है। 19 सितम्बर मंगलवार को चक्रधर समारोह का उदघाटन गणेश पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ होगा। जिसमें वेदमणि सिंह ठाकुर एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति देंगे। चक्रधर कला एवं संगीत विद्यालय, रायगढ़ द्वारा राज्यगीत (नृत्य के साथ),



पं.परितोष पोहनकर द्वारा शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगे। इसी तरह सोमा दास एवं ग्रुप (चक्रधर बाल सदन रायगढ़ की बालिकाओं द्वारा)कथक नृत्य की विशेष प्रस्तुति, डॉ.विनोद मिश्र (ख्याल एवं ठुमरी)पर शास्त्रीय गायन, सुश्री आर्या नंदे 'श्रीधारा' द्वारा ओडिसी नृत्य, सुश्री गीतिका ठेठवार द्वारा बांसुरी वादन, सुश्री मधुमिता नकवी द्वारा शास्त्रीय गायन, सुश्री अंजली शर्मा द्वारा कथक नृत्य, प्रफुल्ल सिंह गहलोत द्वारा कथक नृत्य एवं दीपक आचार्य एवं ग्रुप रायगढ़ छत्तीसगढ़ी लोक संगीत रंग की प्रस्तुति देंगे। चक्रधर समारोह में 20 सितम्बर को दोपहर 12 से शाम 05 बजे तक ओपी जिंदल स्कूल, तराईमाल द्वारा देशभक्ति, न्यू होराइजन स्कूल रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ द्वारा ईश्वर भक्ति पर सेमी क्लासिकल, विद्या विकास





### खैरागढ़ के संगीत विश्व विद्यालय का दल देगा शानदार प्रस्तुति

कांसेप्ट स्कूल रायगढ़ द्वारा कृष्ण लीला नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। इसी प्रकार सेंट जेंवियर्स स्कूल रायगढ़ द्वारा राजस्थानी व हरियाणवी, ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली द्वारा शिव तांडव पर कथक एवं भरतनाट्यम, जीजी बोर्डिग स्कूल धनुवारडेरा द्वारा गुजराती नृत्य, आदर्श ग्राम्य भारती किरोड़ीमल नगर रायगढ़ द्वारा संबलपुरी गीत (केसरी लो) पर रास] सेजेस शासकीय स्कूल तमनार द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य, साधुराम विद्या मंदिर रायगढ़ द्वारा दुर्गा एवं काली पर आधारित मराठी नृत्य, कार्मेल हिन्दी माध्यम स्कूल रायगढ़ द्वारा देश भक्ति गीत पर नृत्य की प्रस्तुति देंगे।

20 सितम्बर को शाम 6 बजे से सुश्री आनंदिता तिवारी द्वारा कथक नृत्य, मनोज जायसवाल द्वारा सितार वादन, सुश्री ज्योति, बोहिदार (रायगढ़ घराना) द्वारा कथक नृत्य, गरीब दास महंत रायगढ़ द्वारा तबला वादन, सुश्री नेहा बनर्जी द्वारा कथक नृत्य, सुश्री आरती सिंह द्वारा लोक संगीत (लोकचदा), सुश्री घनिष्ठा दुबे (रायगढ़ घराना)द्वारा कथक नृत्य, मो.रौशन अली रायगढ़ द्वारा देशभक्ति एवं भजन गायन, हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा रायगढ़ द्वारा लोक रंग नाचा, कु.श्रुतिदास रायगढ़ द्वारा ओडिसी नृत्य, मो.अयान द्वारा पियानो वादन एवं सुश्री ऐश्वर्या पंडित गायन की प्रस्तुति देंगी। इसी प्रकार 21 सितम्बर को दोपहर 12 से 04 बजे तक सुश्री धरित्री सिंह चौहान पुसौर द्वारा कथक, सुश्री शार्वी सिंह परिहार द्वारा कथक, शेखर गिरी एवं ग्रुप द्वारा पंथी नृत्य, विजय शर्मा द्वारा जसगान एवं लोक गायन तथा नृत्य, सुश्री गीतिका वैष्णव द्वारा म ि ह ष ा स ु र मर्दिनी/लोकगायन/नृत्यए मनोज तिवारी द्वारा जस जागरण लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुश्री अनंता पाण्डेय द्वारा कथक, ललित यादव द्वारा सुगम संगीत भजन, सुश्री पर्ल मोटवानी द्वारा शास्त्रीय गायन, डॉ.दीपिका सरकार एवं ग्रुप द्वारा भरत नाट्यम, हरे कृष्ण तिवारी द्वार बांसुरी वादन, सुश्री शार्वी केशरवानी द्वारा कथक एवं विजय सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक गीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

21 सितम्बर को शाम 6 बजे से इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा विशिष्ट कार्यक्रम की प्रस्तुतियां होगी। सुश्री तब्बू परबीन (रायगढ़ घराना)द्वारा कथक नृत्य, अनिल तांडी एवं ग्रुप भिलाई द्वारा भरत नाट्यम, सुश्री आशना दिल्लीवार द्वारा कथक नृत्य, इबरार अहमद एवं संजय चौहान रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी भजन/लोकगायन, सुश्री सुहानी स्वर्णकार सारंगढ़ द्वारा कथक नृत्य, डॉ.गौरव कुमार पाठक बिलासपुर द्वारा शास्त्रीय गायन एवं श्री युवराज सिंह आजाद एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा नाटक (इप्टा)की प्रस्तुति देंगे।

चक्रधर समारोह में प्रस्तुति देने खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से आएगा 60 कलाकारों का दल

लंबे समय तक एशिया के एक मात्र संगीत विश्वविद्यालय होने का गौरव प्राप्त इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के 60 कलाकारों का दल भी इस दफे चक्रधर समारोह में प्रस्तुति देंगे। उक्त दल के प्रभारी डॉ.योगेन्द्र चौबे ने बताया कि चक्रधर समारोह में खैरागढ़ विश्वविद्यालय के 60 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है।

कलाकारों में इसको लेकर खासा उत्साह हैए वे निरंतर अभ्यास कर रहे हैं और चक्रधर समारोह के मंच पर अपनी प्रस्तुति को लेकर काफी उत्सुक है। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा शास्त्रीय गायन, सरोद वादन, ताल वादन, ताल कचहरी, सुगम संगीत, कथक एवं छत्तीसगढ़ के लोक गीतों एवं नृत्यों में श्रीराम को किन-किन रूपों में देखा गया है पर आधारित (लोक में राम) की छत्तीसगढ़ी लोक संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

# जिला स्तरीय देवांगन समाज का गठन होने पर सभी पदाधिकारी को दी शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।



देवांगन समाज सक्ति के द्वारा 15 अगस्त 2023 दिन शुक्रवार को सक्ति जिला स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ शक्ति राजस्व जिला में देवांगन जन सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रुप से सक्षम हैं। और समाज विकास के लिये एक होकर कार्य करने हेतू देवांगन जिला स्तरीय गठन होने पर सभी पदाधिकारी को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए सक्ति समाज के मेहर लखन देवांगन ने कहा कि आप सभी ने माता परमेश्वरी के आशीर्वाद से महत्वपूर्ण सामाजिक पदों को प्राप्त किया है आप सभी अपने जिम्मदारियों का निर्वहन करते हुए सामाजिक धार्मिक एवं सेवा कार्यों के क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करेंगे।

# मशरूम उत्पादन विषय पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा समिति रायपुर एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीण युवाओं हेतु मशरूम उत्पादन का कौशल प्रशिक्षण 11 से 16 सितंबर 2023 तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्घाटन लीड बैंक प्रबंधक शैलेन्द्र टीयू व अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, रायगढ़ के आतिथ्य में हुआ। लीड बैंक प्रबंधक शैलेन्द्र टीयू ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मशरूम को एक व्यवसाय के रूप में अपनाने की आवश्यकता हैं क्योकि यह कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है।

सर्वप्रथम केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.एस.राजपूत ने मशरूम, उत्पादन पश्चात मार्केटिंग किस तरह से कि जाए इस विषय पर विस्तृत जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी। कृषि महा. एवं अनु. केन्द्र, रायगढ़ के अधिष्ठाता महोदय डॉ.ए.के. सिंह ने मशरूम उत्पादन एवं उसके व्यवसाय की संभावनाओं के बारे में बताया। प्रशिक्षण में रायगढ़ के विभिन्न विकास-खण्ड के 28 ग्रामीण युवक व युवतियों ने प्रशिक्षण लिया जिसमें उन्हें वीडियो, चल-चित्र प्रदर्शन, प्रायोगिक विधि से सिखाया गया, साथ ही मशरूम उत्पादन व बीज उत्पादक कृषक से साक्षात्कार व प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया ।

प्रशिक्षण प्रभारी डॉ.मनीषा चौधरी ने चल-चित्र प्रदर्शन, प्रायोगिक विधि से ऑयस्टर मशरूम, पैरा मशरूम उत्पादन विधि की तकनीकी जानकारी दी साथ ही मशरूम के पोषण मूल्य व औषधिय महत्व के विषय में जानकारी दी। श्री के.के.पैकरा वैज्ञानिक द्वारा बटन मशरूम के कम्पोस्टींग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. सविता आदित्य, द्वारा मशरूम में लगने वाले कीट व रोग प्रबंधन के बारे में अवगत कराया। डॉ.एन. सी. बंजारा, वैज्ञानिक द्वारा जहरीले व खाने योग्य मशरूम की पहचान करना बताया गया। डॉ.चंद्रपॉल सिंह सोलंकी वैज्ञानिक द्वारा मशरूम उत्पादन हेतु पैरा उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। नीलकमल पटेल (प्रक्षेत्र प्रबंधक) के द्वारा प्रक्षेत्र में स्थित मशरूम उत्पादन इकाई के साथ-साथ फसल उत्पादन, गौशाला इकाई, केचुआ खाद इकाई आदि का भ्रमण कराकर जानकारी दी गई। आषुतोष सिंह कार्यक्रम सहायक (कम्प्यूटर) ने क्राप डॉक्टर व ई-मार्केटिंग से अवगत कराया गया। केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक श्री के. डी. महंत ने मृदा उरवरक्ता बढ़ाने में मशरूम उत्पादन पश्चात बचे अवशेष के उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया। मशरूम उत्पादक व स्पान उत्पादक कृषक श्री चरण दास साहू, एक सफल उद्यमी से परिचर्चा करवाया गया। इस 6 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन सत्र में डॉ.पी.ठाकुर डायरेक्टर फार्म द्वारा मशरूम उत्पादन की संभावना व उत्पादन तकनीक पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिकों सहित विकास दास महंत सुरेश प्रधान, सुनयना कुरू, उषा बरेठ एवं अन्य स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

# डीईओ ऑफिस सारंगढ़ में 19 सितंबर को दी जाएगी संविदा भर्ती नियुक्ति आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के दिशा निर्देश में जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के संविदा भर्ती प्रक्रिया में इंटरव्यू और दस्तावेज परीक्षण के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने नियुक्ति आदेश जारी की है।19 सितंबर मंगलवार को 11:30 बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सारंगढ़ खेलभांठा में चयनितों को नियुक्ति आदेश प्रदान की जाएगी। इस आदेश में सभी पदों के लिए प्रतीक्षा सूची भी है। व्याख्याता हिंदी के लिए अभय सतपति, अनीता साहू, ओमप्रकाश करियारी, व्याख्याता संस्कृत के लिए रजनी कुमार राठौर, निशा, व्याख्याता रसायन के लिए अंजुलता साहू व्याख्याता सामाजिक विज्ञान के लिए तन्मय धर दीवान, पुष्पेंद्र पटेल, सदानंद सिदार, सुरेश नायक, व्याख्याता गणित के लिए भारती डनसेना, योगेश पटेल, मोहन नायक व्याख्याता वाणिज्य के लिए मोहम्मद तौफीक रजा, राज टंडन शिक्षक अंग्रेजी के लिए योगेश नायक, गोलराजा सपना तिग्गा,

### जिले के शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालयों के लिए नियुक्ति और प्रतीक्षा सूची जारी

शिक्षक कला के लिए मोनिका राठौर, अंकित कठले, पुष्पा कुमारी, सहायक शिक्षक गणित के लिए प्रकाश पुजारी, रचना तंबोली, सहायक शिक्षक विज्ञान के लिए प्रगति पटेल, जयालक्ष्मी साहू, सहायक शिक्षक अंग्रेजी के लिए प्रगति पटेल, आकांक्षा यादव हंसा पटेल, सहायक शिक्षक हिंदी के लिए प्रगति पटेल, पृथु तिवारी सहायक शिक्षक कला के लिए अंशु रानी टंडन, दीपक कुमार पटेल, अद्रिका कश्यप, रश्मि ठेठवार, चुलेश चौधरी, ग्रंथपाल के लिए योगिता चंद्रा, विज्ञान प्रयोगशाला के लिए तरुण डहरिया, गणराज लहरे, पीटीआई के लिए दिनेश कुमार सिदार, प्री प्राइमरी शिक्षक के लिए जयालक्ष्मी साहू, टिकेश्वरी कुमारी का चयन हुआ है। नियुक्ति आदेश जनसंपर्क संचालनालय रायपुर की वेबसाइट डीपीआरसीजी डॉट जीओवी डॉट इन में जिले के समाचार सारंगढ़ बिलाईगढ़ में इस समाचार के साथ संलग्न है।

# ताईक्कान्डो संघ रायगढ़ ने फिर जिले का नाम रोशन किया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ टाइक्कांडो संघ के जिला कोच एंव इंटरनेशनल प्लेयर ऋषि सिंह एंव कोच और जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि कोरबा जिले में शालेय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 13 सितम्बर को आयोजित किया गया जिसमे रायगढ़ जिला ताइकांडो के विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया एवम उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमे कृष्णा पब्लिक स्कूल महाकाल क्लब एंव ओपी जिंदल स्कूल व भवानी विद्या मंदिर;विनर्स ताइक्कांडो एकेडमी के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। फेडरेशन ताइक्कांडो संघ रायगढ़ जिला ने 11पदक जीते।विभिन्न वजन समूह में जो इस तरह से है। 29 किलो ग्राम में ओम निषाद स्वर्ण पदक 35 किलो ग्राम में वर्षा चौहान स्वर्ण पदक,44 किलो ग्राम में जाह्नवी स्वर्ण पदक 27 किलो ग्राम में शिवानी चंद्रवंशी स्वर्ण पदक 51 किलो ग्राम में अंजू सिदार रजत पदक 40 किलो ग्राम में निशा उरांव रजत पदक 35 किलो ग्राम में रोनित मिरी कांसिया पदक 42 किलो ग्राम वर्ग में सोहा पटेल स्वर्ण पदक 52 किलो ग्राम वर्ग में



रीया पटेल रजत पदक पवित्रा जोल्हे 78.स्वर्ण पदक, आर्यन यादव 59 रजत पदक, रायगढ़ जिले के लिए पदक प्राप्त किये। खिलाड़ी ऋषिता सिंह परी,खिलाड़ी कृष्णा दुबे, खिलाड़ी ऋषितभ सिंह राजपूत,पार्थ,मनक देवांगन,मंगल तिवारी,मनीष कश्यप,अंशिका पटेल ने भाग लिया इनका प्रदर्शन भी शानदार रहा। अभिषेक कुमार कोच कार्यकारिणी अध्यक्ष, ऋषि सिंह जिला कोच द्वारा खिलाड़ियों को कोरबा जिला खेलने ले जाया गया। ऋषि सिंह और अभिषेक ने स्वयं को बतौर एक अच्छे कोच की प्रूफ कर दिखाया। जिला सचिव आरती सिंह ने दोनों कोचों की भूरि भूरि प्रशंसा की और खिलाडियों के साथ साथ उनके गुरुओं का भी सम्मान किया। इसी कड़ी में 16 सितंबर को जिला टाइकांडो संघ के पदाधिकारियों द्वारा जिले के खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। जिला अध्यक्ष अशोक अग्रवाल बट्टीमार एवं जिला सचिव प्रदेश कार्यकरणी सदस्य आरती सिंह,सर सन्दीप पाल प्रदेश कार्यकरणी सदस्य,कोषाध्यक्ष अलका सिंह,सहसचिव अनिता मिश्रा,टीम कोच आदिल मोहन एवं ताईक्कान्डो संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी और कठिन परिश्रम कर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को उनके उज्वल भाविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

सभी फाइटर्स को और उनके क्लब के कोचों की जिनमे है कोच सन्दीप पाल, कोच ऋषि सिंह एकोच अभिषेक कुमार को प्रदेश महासचिव अनिल द्विवेदी ने भी आशीष एंव शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे ही रायगढ़ जिला के खिलाड़ी एक जुटता के साथ खेलें ताकि आने वाला समय उज्वल हो। उक्त प्रेस विज्ञप्ति जिला ताईक्कान्डो संघ की सचिव आरती सिंह ने दी।

# भाजयुमों सक्ति नगर ने मनाया मोदी का जन्म उत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

सक्ती भारतीय जनता युवा मोर्चा सक्ति नगर ने भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष लाखन नामदेव के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काट कर मिठाई बॉट कर एवं सभी आने जाने वाले को चाय पिलाकर प्रधानमंत्री का जन्म उत्सव मनाया गया मोदी के जन्म उत्सव को लेकर कार्यकर्ताओं में एक बड़ा ही उत्साह देखने को मिला इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामावतार अनूप अग्रवाल टिकेश्वर गवेल राम नरेश यादव ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बधाई दी इस कार्यक्रम में भाजयुमों के प्रदेश




कार्यसमिति सदस्य अंकित अग्रवाल जिला के महामंत्री अभिषेक शर्मा उपाध्यक्ष चिराग अग्रवाल हर्ष देवांगन गौतम शर्मा सूरज देवांगन लाखन नामदेव परमेश्वर साहू गोपाल गौतम परमेश्वर साहू भाजपा के धनंजय नामदेव महामंत्री गोविंद देवांगन अमन डालमिया प्रमेन्द्र ठाकुर दादू केवट रंजन सिन्हा विजय साहू गोविंदा निराला रोशन राठौर अभिषेक गवेल सत्यनारायण पटेल आबिद खान एवं साक्ति नगर मंडल के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधानपाठक भोलाशंकर तिवारी कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना एवं जिला शिक्षा अधिकारी बीएल खरे के हाथों हुए सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक एवं उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान समारोह मुख्य अतिथि कलेक्टर सक्ती नुपुर राशि पन्ना एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती आदरणीय बीएल खरे तथा विशिष्ट अतिथि सहायक जिला परियोजना समन्वयक आदरणीय हरि राम जायसवाल व पूर्व प्रांतीय संयोजक छग शिक्षक संघ आदरणीय मनोज कुमार तिवारी के कर कमलों से मां शारदे के पूजन-अर्चन से प्रारंभ हुआ। मंत्रोच्चार सेवानिवृत्त शिक्षक भोलाशंकर तिवारी ने किया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय केरीबंधा की




बालिकाएं प्रिया पटेल,इंदु पटेल,निशा पटेल ने शिक्षक कार्तिकेश्वर जायसवाल के निर्देशन में राजकीय गीत प्रस्तुत किया।

स्वागत कार्यक्रम के पश्चात् व्याख्याता टीका राम सारथी ने स्वागत गीत तथा छग शिक्षक संघ जिला सक्ती के जिलाध्यक्ष पील लाल पटेल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। सेवानिवृत्त शिक्षक भोलाशंकर तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि मनोज तिवारी ने संबोधित कर शिक्षक की भूमिका और सम्मान की ओर ध्यानाकर्षित किया। कलेक्टर आदरणीया नुपुर राशि पन्ना ने अपने अध्ययन काल को याद करते हुए अपने शिक्षकों के बारे में बताते हुए सर्व शिक्षकों का सम्मान किया। सभी उपस्थित सेवानिवृत्त शिक्षक व उत्कृष्ट विद्यार्थियों तथा राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित जिले के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को शाल, श्रीफल तथा प्रशस्तिपत्र प्रदायित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सक्ती नगर से सांस्कृतिक विकास मंच के कवि सह प्रधानपाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय केरीबंधा भी साहित्यिक उत्कृष्टता हेतु कलेक्टर महोदया तथा जिला शिक्षा अधिकारी के हाथों सम्मानित हुए।

कार्यक्रम अध्यक्ष आदरणीय बीएल खरे ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों व उपस्थित जनों को शुभकामनाएं प्रदान कीं तथा कार्यक्रम में पधारे सभी गुरुजनों व उपस्थित प्रबुद्ध जनों का आभार प्रदर्शन छग शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पील लाल पटेल ने करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, सोमवार 18 सितंबर 2023

## पुष्पा से पहले एक और दक्षिण भारतीय फिल्म करेगी धमाका



दक्षिण भारतीय फिल्में इन दिनों दर्शकों में सबसे ज्यादा माँग में हैं। हर नई फिल्म अपने कथानक के जरिये पूरे देश के दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। पोन्नियन सेलवन 1-2 के बाद इस फिल्म के नायक जयम रवि अपनी अगली फिल्म सायरन के जरिये बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाले हैं। हाल ही में जारी हुए इस फिल्म के प्रोमो ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया है। इसको देखकर ही समझा जा सकता है कि फिल्म एक जानदार थ्रिलर रहने वाली है। हालांकि ना तो टीजर कहा गया है और ना ही ट्रेलर। इसे प्रीफेस का नाम दिया गया है। यह फिल्म है सायरन है और इसका सायरन प्रीफेस को एक्टर जयम रवि के 43वें जन्मदिन के मौके पर रिलीज किया गया है।



## नेहा पेंडसे ने सनी देओल के साथ की गई शूटिंग के दिनों को किया याद

**एक्ट्रेस नेहा पेंडसे, जो टीवी और फिल्म दोनों में अपने बहुमुखी प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं, ने एक बाल कलाकार के रूप में अपनी यात्रा को याद किया और एक्टर सनी देओल से मिली प्रशंसा पर खुशी जाहिर की।**

नेहा मे आई कम इन मैडम के नए एपिसोड में मैडम संजना के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एक बाल कलाकार के रूप में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में शुरुआत की। एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा: मैंने डीडी चैनल पर एक टीवी सीरियल के साथ बाल कलाकार के रूप में एक्टिंग करियर शुरू किया, और प्यार कोई खेल नहीं में एक्टर सनी देओल के साथ बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत की। नेहा ने कहा, मेरे माता-पिता हमेशा आर्ट और एंटरटेनमेंट के प्रति गहरी समझ रखते हैं और यहीं से यह सब शुरू हुआ। उस युग के दौरान, बाल कलाकार अपेक्षाकृत सीमित थे, क्योंकि कई लोग एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में बच्चों को शामिल करना वर्जित मानते थे। उन्होंने कहा, मेरा डेस्टिनी पर भरोसा है। मुझे बाल कलाकार के रूप में कई शानदार प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। आगे बोलते हुए, नेहा ने विभिन्न कलाकारों के साथ काम करने के दौरान मिले समृद्ध अनुभवों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से सनी देओल द्वारा मिली प्रशंसा को साझा किया। नेहा ने कहा, मैंने जिन प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम किया है उनमें से सनी देओल मेरे पसंदीदा में से एक हैं। वह उल्लेखनीय रूप से मृदुभाषी और सम्मानित व्यक्ति हैं। अपनी प्रभावशाली उपस्थिति के बावजूद, वह विनम्र और ज़मीन से जुड़े रहे, खासकर उन लोगों के प्रति जिनके साथ उन्होंने काम किया था। उन्होंने आगे कहा, अपनी कला के प्रति उनका समर्पण वास्तव में सराहनीय है।

## थाई स्लिट आउटफिट पहन मलाइका ने दिखाई सेंशुअस अदाएं


### बोल्डनेस से गर्म किया इंटरनेट का पारा

**बॉलीवुड की फिटनेस क्वीन मलाइका अरोड़ा आए दिन अपनी बोल्डनेस और ग्लैमरस अदाओं से सोशल मीडिया पर बवाल मचाती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही लोगों के बीच छा जाता है। अब हालिया फोटोशूट के दौरान की एक्ट्रेस ने कुछ लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं।**

इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस का दिल मचल गया है। मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर आए दिन अपनी हॉटनेस से इंटरनेट पर फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। हाल ही में उनकी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर होते ही वायरल हो गई हैं। इन तस्वीरों में मलाइका का अंदाज देख हर कोई उनकी तारीफ करते नजर आ रहा है। एक्ट्रेस मलाइका ने अपनी इन फोटोज में ब्लू कलर की सिर से पैर तक खुली हुई हुई ड्रेस पहनी हुई है। दरअसल, एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इवेंट के दौरान की हैं। वो अपने इस आउटफिट को पहन कर सोशल मीडिया का पारा बढ़ाने में लगी रहती हैं। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा हर बार अपने ड्रेसिंग सेंस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और न्यूड मेकअप के साथ मलाइका अरोड़ा ने अपने लुक को पूरा किया है। 49 साल की उम्र में भी मलाइका अरोड़ा की फिटनेस बेहद कमाल की हैं। वो अक्सर कैमरे के सामने अपने हुस्न का जादू चलाती रहती हैं। मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।



## मौनी रॉय पहली बार वेब सीरीज में दिखेंगी, 13 अक्टूबर को सुल्तान ऑफ दिल्ली डिज्नी+हॉटस्टार पर होगी रिलीज




लोगों में वेब सीरीज को लेकर बहुत क्रेज है. कोई भी सीरीज आती है वह उसे पहले देखना चाहते हैं फिर सीरीज एक्शन और सस्पेंस से भरी हो तो कोई पीछे नहीं हटता है. ऐसी ही एक वेब सीरीज मिलन लूथरिया लेकर आ रहे हैं. सुल्तान ऑफ दिल्ली का टीजर आ रिलीज हो गया है. इस सीरीज में ताहिर राज भसीन और मौनी रॉय लीड रोल में नजर आने वाले हैं. टीजर रिलीज हो गया है और ये लोगों को बहुत पसंद आ रहा है.

सुल्तान ऑफ दिल्ली की बात करें तो 60 के दशक पर आधारित है. ये सीरीज सुल्तान ऑफ दिल्ली: अर्नब रे द्वारा आरोहण पर आधारित है. इसमें ताहिर अहम किरदार अर्जुन भाटिया का किरदार निभाएंगे जो सत्ता पाने के लिए किसी भी हद तक चला जाएगा. सत्ता की भूख उससे बहुत कुछ करवा लेगी.

टीजर में मौनी रॉय एक एक्ट्रेस के किरदार में नजर आ रही हैं. सीरीज में उनका ग्लैमरस अवतार फैंस को देखने को मिलेगा. मौनी ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर किया है. उन्होंने लिखा- किस्मत के खेल में बाजी मारेगा सिर्फ एक.

मिलन लूथरिया इस सीरीज से ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं. उन्होंने सीरीज को लेकर कहा- सुल्तान ऑफ़ दिल्ली मेरी पहली वेब सीरीज़ है।

## हर दिन घट रही जवान की कमाई, रिलीज के 8वें दिन किया अब तक का सबसे कम कलेक्शन




शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'जवान' ने रिलीज के बाद से कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और जबरदस्त कमाई की है. फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले दिन वर्ल्डवाइड 125 करोड़ और भारत में 75 करोड़ कमाकर सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम किया था. इसके बाद 'जवान' ने अपने पहले रविवार को 80 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर सिंगल डे पर सबसे ज्यादा कमाई कर इतिहास रच दिया था. हालांकि वीकडेज में आते ही फिल्म की कमाई में गिरावट शुरू हो गई. हालांकि 'जवान' अब भी बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है और डबल डिजीट में ही बिजनेस कर रही है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 8वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?

## राजवीर देओल की दोनों का पहला गाना अग लगदी जारी, पालोमा ढिल्लों संग दिखा रोमांटिक अंदाज




सनी देओल के बेटे राजवीर देओल अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है।वह पिछले कुछ वक्त से अपनी पहली फिल्म दोनों को लेकर चर्चा में हैं।इसमें उनकी जोड़ी पूनम ढिल्लों की बेटी पालोमा के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं।अब निर्माताओं ने शुक्रवार (15 सितंबर) को दोनों का पहला गाना अग लगदी जारी कर दिया है, जिसमें राजवीर और पालोमा एक-दूसरे के प्यार में डूबे नजर आ रहे हैं। जियो स्टूडियो ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर दोनों का पहला गाना अग लगदी साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, यह डांस फ्लोर पर आग लगाने का समय है।इस गाने को सिद्धार्थ महादेवन और लिसा मिश्रा ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं।यह फिल्म 5 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।दोनों के जरिए सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश एस बड़जात्या निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। गौरतलब है कि इन दोनों के माता-पिता भी पहले फिल्म में नायक-नायिका के तौर पर नजर आ चुके हैं।

सनी देओल और पूनम ढिल्लों ने साल 1984 में आई लव स्टोरी फिल्म सोहनी महिवाल में लीड रोल प्ले किया था। अब दोनों के बच्चे एक साथ फिल्म करने जा रहे हैं। फिल्म दोनों राजश्री प्रोडक्शन की 59वीं फिल्म है। बताते चलें कि अवनीश एस बडज़ात्या ने इससे पहले साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म प्रेम रतन धन पायो में असिस्टेंट डायरेक्टर और फिल्म ऊंचाई में एसोसिएट डायरेक्टर के तौर पर काम किया है।

# खेल




## एशिया कप दर्शकों की कमी से जूझ रहा

### सिर्फ 10% सीट भरीं, टिकट के बढ़े हुए दाम स्टेडियम में कम फैंस आने की कारण

> कोलंबो श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि एशिया कप फाइनल की मेजबानी करने वाला प्रेमदासा स्टेडियम फैंस के हुजूम से भर जाएगा। श्रीलंका में ज्यादातर हुए मुकाबलों में बहुत कम फैंस ही पहुंचे हैं। श्रीलंका के खेल पत्रकार मुआद राजिक बताते हैं कि स्टेडियम में कम फैंस आने का कारण टिकट के बढ़े हुए दाम है। वो बताते हैं कि श्रीलंका में आमतौर पर सबसे सस्ती टिकट 65 रुपए में मिल जाती है, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका में टिकट के दाम बढ़ा दिए थे। सुपर-4 मैच में सबसे सस्ता टिकट भी 1545 रुपए में मिल रहा था। इस वजह से बेहद कम दर्शक ही मैच देखने पहुंच पाए थे।

रजिक ये भी बताते हैं कि पूरे टूर्नामेंट में केवल 10% ही सीट भर पाई थी। हालांकि, अब फाइनल के लिए PCB ने टिकट के दामों को घटा दिया है। रजिक बताते हैं कि श्रीलंका के मैच में भी केवल 4-5 हजार फैंस ही आए थे जबकि स्टेडियम की क्षमता 35 हजार थी। राजिक मानते हैं कि PCB ने श्रीलंका में टिकट के प्राइज वो रखे, जो उन्होंने UAE में टूर्नामेंट कराने के लिए तय किए थे। श्रीलंका में हो रहे मैच में भी टिकट के प्राइज तय करने का अधिकार PCB के पास था। ऐसा इसलिए क्योंकि पाकिस्तान के पास एशिया कप की मेजबानी के मूल अधिकार थे।



स्थानीय और विदेशी मीडिया ने सितंबर में कोलंबो और पल्लेकल में इंटरनेशनल मैच कराने पर काफी आलोचना की थी। उन्होंने आशंका जताई थी कि इस दौरान अधिकतर मुकाबले बारिश की वजह से पूरे नहीं हो सकेंगे। लेकिन सुपर-4 के सभी 6 मुकाबले पूरे हुए, जिसका अधिकांश श्रेय कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम के ग्राउंड स्टाफ को जाता है।

ग्राउंड स्टाफ के सदस्य एसके समन कुमारा कहते हैं, 'हम पूरी पिच को कवर करते हैं। इसके लिए मैच से पहले कई बार ड्रिल भी करते हैं। बारिश रुकने के एक घंटे में ही हम मैदान खेलने लायक बना देते हैं।' पूर्व नेशनल क्यूरेटर पोलोनोविता कहते हैं, 'मैच से कुछ दिन पहले ग्राउंड स्टाफ की मदद के लिए करीब 100 अस्थाई कर्मचारियों को काम पर रखते हैं। फिर इन कर्मचारियों को चार टीमों में बांटा जाता है। प्रत्येक का नेतृत्व अनुभवी ग्राउंड्स मैन द्वारा किया जाता है। ये सभी पिच तक कवर खींचकर ले जाने का रोजाना अभ्यास करते हैं।

इस दौरान स्टॉपवॉच का उपयोग किया जाता है, ताकि यह देखा जा सके कि कम समय में पूरा स्टेडियम कवर हो रहा है या नहीं। श्रीलंका के हर मैदान में 10 से 15 रबर से बने कैनवास शीट हैं, जिनसे पूरे मैदान को कवर किया जाता है। श्रीलंका पूरे मैदान को कवर करने वाला पहला देश है।' पोलोनोविता ने रिटायरमेंट से पहले एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के 7 ग्रेजुएट्स को क्यूरेटर की ट्रेनिंग दी थी। अब वे देश के स्टेडियम के प्रमुख क्यूरेटर्स हैं।

## एक नजर

### डाइमंड लीग फाइनल्स में खिताब से चूके चोपड़ा, दूसरे स्थान पर रहे

**यूजीन (अमेरिका)** । ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा डाइमंड लीग फाइनल के अपने खिताब का बचाव करने में नाकाम रहे और शनिवार को यहां 83.80 मीटर के सामान्य प्रदर्शन के साथ दूसरे स्थान पर रहे।



पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीतने वाले 25 साल के चोपड़ा को हेवर्ड फील्ड पर हुए फाइनल्स में जूझना पड़ा। उनके दो प्रयास फाउल रहे। उनका दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दूसरे प्रयास में आया। उन्होंने पहले प्रयास में फाउल करने के बाद दूसरे प्रयास में भाले को 83.80 मीटर की दूरी तक फेंका। उनके अन्य प्रयास 81.37 मीटर, फाउल, 80.74 मीटर और 80.90 मीटर रहे।

डाइमंड लीग 13 चरण की एकदिवसीय प्रतियोगिता है।

यह मौजूदा सत्र में चोपड़ा का 85 मीटर से कम का पहला प्रदर्शन है। उन्होंने तीसरे स्थान पर रहते हुए डाइमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने 2022 में ज्यूरिख में 88.44 मीटर के प्रयास के साथ डाइमंड लीग फाइनल्स का खिताब जीता था।

यहां हालांकि 25 डिग्री से कम तापमान और 45 प्रतिशत आर्द्रता के बीच कोई भी प्रतिस्पर्धी 85 मीटर की दूरी भी तय नहीं कर पाया।

चेक गणराज्य के याकुब वाडलेच ने 84.24 मीटर के प्रयास के साथ तीसरी बार डाइमंड लीग फाइनल्स का खिताब जीता। उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में यह दूरी तय की। वह अपने पहले प्रयास में 84.01 मीटर की दूरी के साथ शुरुआत से ही छह खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर चल रहे थे।

### दीक्षा स्विस लेडीज ओपन गोल्फ में शीर्ष 10 में

**होल्जहौसर्न (स्विट्जरलैंड)** । भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर दूसरे दौर में पांच अंडर 66 के शानदार स्कोर के साथ वीपी बैंक स्विस लेडीज ओपन में शीर्ष 10 में पहुंच गई हैं। पहले दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाने वाली दीक्षा का कुल स्कोर छह अंडर 136 है और वह शनिवार को संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर चल रहीं थी। वह शीर्ष पर चल रही नॉर्वे की मेडेलिन स्टेवनर (64 और 66) से छह शॉट पीछे हैं जिनका कुल स्कोर 12 अंडर 130 है। पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर चल रही अमनदीप द्राल दूसरे दौर में 74 के लचर प्रदर्शन के साथ संयुक्त रूप से 48वें स्थान पर खिसक गईं। वाणी कपूर (72 और 73) एक शॉट से कट हासिल करने से चूक गईं।



## काशी रुद्रास ने मेरठ मावेरिक्स को 7 विकेट से हराया

### मेन गेट तोड़कर मैच देखने पहुंचे दर्शक; करण शर्मा की कप्तानी पारी के बदौलत काशी ने जीता खिताब

**कानपुर। IPL की तर्ज पर यूपी में पहली बार हो रही यूपी T-20 लीग का शनिवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें काशी रुद्रास ने सात विकेट से मेरठ मावेरिक्स को हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया।**



काशी रुद्रास ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। मेरठ मावेरिक्स की टीम बल्लेबाजी करने उतरी। जिसकी खराब शुरुआत के चलते 5 ओवर में ही चार विकेट गिर गए।

20 ओवर में 8 विकेट खोकर 146 रन बनाए। बल्लेबाजी करने उतरी काशी की टीम ने आसानी से टारगेट अचीव कर लिया। करण ने शर्मा ने 57 गेंदों में 76 रन बनाकर कप्तानी पारी खेली। वहीं, पूरा स्टेडियम ढोल और फिल्मी गीतों से गूंज उठा। वहीं, कनपुरियों पर इस कदर मैच का फीवर चढ़ा कि वो एक-दूसरे को धक्कामुक्की करते दिखे। एक युवक पुलिस से भिड़ गया।

## इलावेनिल ने ISSF वर्ल्ड कप में जीता गोल्ड

### 10 मीटर राइफल फाइनल में 252.2 का स्कोर किया, क्वालिफिकेशन राउंड में थी आठवें स्थान पर



ओलिंपिक मेडलिस्ट इलावेनिल वलारिवन ने रियो में हो रहे ह्नस्स्न शूटिंग वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल में गोल्ड जीत लिया है। फाइनल में उन्होंने 252.2 का स्कोर कर पहले स्थान पर रही। वह फाइनल में 24 शॉट में कभी भी 10.1 से नीचे स्कोर नहीं किया। वहीं फ्रांस की ओसिएने मुलर 251.9 स्कोर के साथ सिल्वर जीता। जबकि चीन की झांग जियाले को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

#### अब जानते हैं, 24 शॉट में कैसा रहा प्रदर्शन

इला पांच शॉट के बाद 52.6 स्कोर के साथ दो अन्य शूटरों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि चीन की झांग जियाले 53.4 स्कोर के साथ पहले स्थान पर रही। 10 शॉट के बाद इला झांग यू के साथ टॉप पर रही। 12 वें शॉट के बाद ऑस्ट्रेलियाई शूटर मार्लीन प्रिबिट्जर बाहर हो गईं और आठवें स्थान पर रही। 16 शॉट के बाद भी एक अन्य शूटर के साथ इला पहले स्थान पर कायम रही। 17 वें शॉट के बाद वह दूसरे स्थान पर खिसक गईं। वहीं 2 शॉट शेष रहने पर वह 0.5 के अंतर से आगे रहीं। आखिरी शॉट में 10.6 स्कोर के बाद ओवर ऑल वह फ्रांसीसी शूटर से 0.3 अंकों से आगे रह कर गोल्ड जीता।

इला शनिवार सुबह 630.5 के स्कोर के साथ क्वालिफाइंग राउंड में आठवें स्थान पर रही थी। जबकि फ्रांस की ओसिएने मुलर 633.7 स्कोर के साथ टॉप पर थी।

# प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे भाजपा नेता

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

भाजपा ने दूसरे चरण की परिवर्तन यात्रा को स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव की कर्मभूमि जशपुर से भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुभारंभ किया है। इस यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रणजीता स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम से इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई थी। जिसके बाद ने शुक्रवार रात्रि कुनकुरी, कांसाबेल होते हुए भगवा रंग में रंगी बस भाजपा के नेताओं को लेकर शनिवार की रात पत्थलगांव पहुंची। आपको बता दें इस परिवर्तन यात्रा के दूसरे चरण का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल कर रहे है। उक्त यात्रा के पत्थलगांव आने से पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह स्वागत बैनर,पोस्टर और झंडों शहर के मुख्य द्वार को पाट दिया हुआ था। इस दौरान परिवर्तन यात्रा में भाजपा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल,रायगढ़ की लोकप्रिय सांसद गोमती साय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय,रामविचार नेताम, मोती लाल साहू समेत अन्य लोग एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं आज रविवार को भाजपा मंडल पत्थलगांव के नेतृत्व मे क्षेत्र के सभी समाज प्रमुखों की बैठक रखी गई। जिसमे विभिन्न मुद्दों पर बेबाकी से लोगों अपनी बातों को रखा।

वहीं पत्रकारों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि 12 सितंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दंतेवाड़ा से एक सार्वजनिक रैली के दौरान मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त कर भाजपा की पहली परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखा चुके है। वहीं 16 दिवसीय प्रदेश में चल रही इस परिवर्तन यात्रा का दूसरा फेस कल जशपुर से शुरू हुआ है। जशपुर से चली यह परिवर्तन यात्रा बिलासपुर और सरगुजा संभाग में 14 दिनों में करीब 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। 40 विधानसभा क्षेत्र से होकर किया है यात्रा गुजरेगी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग सभी जिलों में जाकर भाजपा कांग्रेस सरकार की विफलताओं को जनता के सामने रखेगी। जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में आज कानून व्यवस्था पूरी तरह बद से बद्तर हो चुकी है। आए दिनों नए घोटाले हो रहे हैं विकास के कार्य प्रदेश में पूरी तरह से ठप है। इन सारे विषयों को लेकर परिवर्तन यात्रा के माध्यम से हम जनता के बीच जाने का प्रयास कर रहे हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जो जन कल्याणकारी कार्य हुए हैं उन विषयों को भी इस यात्रा में बताने का प्रयास कर रहे है। 28 सितंबर को न्यायधानी बिलासपुर में यह यात्रा का समापन होगा जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी मौजूद होंगे और विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बीते दिनों भिलाई के खुर्सीपार इलाके में युवक की हुई हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि मंकित सिंह की अत्यंत ही जघन्य तरीके से हत्या हुई। और वे हत्यारे छत्तीसगढ़ की भूमि पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जिसका विरोध करने पर घटना को अंजाम दिया गया। इस तरह की घटनाएं तेजी से छग में बढ़ रही है। आमजनों को झांक जोर देने वाला यह मामला है।यह हम सभी के लिए चुनौती है समाज के लोगों को आने वाले समय में एक होकर इस प्रकार की मानसिकता रखने वालों को कुचलना का प्रयास किया जाना चाहिए। यह घटना उस जगह की है जहां मुख्यमंत्री और गृहमंत्री सहित और भी मंत्री रहते हैं। प्रदेश में आए दिनों चोरी,डकैती, हत्या,लूटपाट,बलात्कार,फि रौती जैसे अन्य अपराधिक घटनाएं आमबात हो चुकी है। वहीं उन्होंने










**प्रदेश में आए दिनों चोरी, डकैती,हत्या,लूटपाट,बलात्कार,फिरौती,गोली चलने जैसे अन्य अपराधिक घटनाएं हो चुकी आम बात-नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल**

आरोप लगाते हुए कहा है कि सत्ता के संरक्षण में इन सभी कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने विगत दिनों से सुर्खियों में चल महादेव ऐप सट्टा बाजार के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें सत्ता पक्ष के भी जनप्रतिनिधि शामिल है। जिसमे 417 करोड़ का ईडी ने रेड किया तो मामला सामने आया। चाहे वह कोयला घोटाला, रेत घोटाला,शराब घोटाला,जमीन घोटाला,या राशन घोटाला हो। नरवा गरवा गुरुवा बारी के ड्रीम प्रोजेक्ट में 1300 करोड़ का गौठान घोटाला, और 129 करोड़ का गोबर घोटाला हो गया। यह सभी घोटाला सत्ता पक्ष के संरक्षण में हो रहा है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री इतने संवेदनहीन है कि बगीचा के पास हुए पहाड़ी कोरवाओ ने 4 लोगों ने जो फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली, वह मौत भूख से हुई। उन्होंने कहा घटना के बाद घटनास्थल पर हमारे पहुंचने एक एक दिन पहले जशपुर में मुख्यमंत्री थे। मुख्यमंत्री को इतनी फु र्सत नहीं थी कि परिवार से मिल लेते और मुआवजा देते। लेकिन रायपुर से साढ़े पांच सौ किलोमीटर का सफर तय कर हम वहां पहुंचे। वहां एक हैंडपंप डेढ़ किलोमीटर हैए 10 किलोमीटर दूरी पर लोग राशन लेने जाते हैं। 10 किलोमीटर दूर बच्चे पढ़ाई करने जाते हैं यह तो स्थिति वहां की है। इस विषय को लेकर हमने अविश्वास प्रस्ताव के दौरान विधानसभा में मुख्यमंत्री को भी घेरा था। इस सभी बातों को उठाया था कि उत्तर प्रदेश जाकर अपने आकाओं को खुश करने के लिए पचास लाख रुपए की घोषणा कर सकते हैं और इन पहाड़ी कोरवाओं जिनकी मौत भूख से हुई उनको पचास हजार भी नहीं दिए। और इस परिवर्तन यात्रा के माध्यम से हम सभी चीजों को उजागर कर रहे हैं क्योंकि हम जनता की अदालत में जा रहे हैं जनता की अदालत लोकतंत्र में सबसे बड़ी अदालत होती है।वहीं रामविचार नेताम ने प्रेस कांफ्रें स के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने बड़े. -बड़े वादे किए क्षेत्र के किसानों के लिए जो बड़ी तादाद में टमाटर पैदावार करते हैं उनके लिए फैक्ट्री लगाएंगे कहीं कुछ नहीं दिख रहा। उन्होंने कहा पत्थलगांव की जनता की वर्षों पुरानी मांग रही कि पत्थलगांव को जिला बनाया जाए जो स्थानीय विधायक है वे प्रदेश के वरिष्ठ विधायक है। अन्य कई विभागों के मंत्री भी रह चुके है । जनता को आश थी की पत्थलगांव जिला बन जाएगा। मगर जिला के लिए भी ठगा गया। सरकार लोगों को ठगने,बरगलाने और भ्रमित करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा आम जनता इस कांग्रेस सरकार से परेशान है किसी भी पंचायत में जब से सरपंच बने हैं मनरेगा छोड़िए या भारत सरकार की राशि को छोड़िए कोई भी कार्य 5 साल में नहीं कर पाए सरपंचो की हालत आज इतनी खराब है। ना सड़के ना तालाब कार्य कहीं कुछ सही नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा अगर हो रहा है तो उनके खास वर्करों के द्वारा मशीनों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। आज मजदूर भटक रहे हैंए और यही बात है कि हमारी यात्रा में अगर सबसे अधिक भागीदारी हो रही है तो महिलाओं और मजदूर वर्ग की हो रही है। उन्होंने कहा तेंदूपत्ता संग्रहण करने वालों को जो सुविधा भाजपा के शासनकाल में मिला करती थी। वह आज कहीं नहीं मिल रही। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि एक-एक विभाग को गंभीरता से देखना चाहेंगे तो बिना कार्य किया ही भुगतान हो रहा है पिछले वर्ष मुख्यमंत्री को कई विधानसभा में जाने का जो कार्यक्रम बना उसमें एक.एक सर्किट हाउस और रेस्ट हाउस में रंगदूरोगन करने के नाम से 50 लाख से लेकर 1 करोड़ तक पैसा निकाल लिया गया। उन्होंने कहा पूरी तरह लूट मची हुई है विधायक तो छोड़िए मंत्री तक इस धंधे में लगे हुए हैं जनहित और जनता के कार्यों से कोई मतलब नहीं है सिर्फ अपनी जेब और बिजनेस चमकाने में नया-नया रास्ता अपनाया। युवाओं को पूरी तरह से ठगने का कार्य इस सरकार द्वारा किया जा रहा है इसलिए प्रदेश में अराजकता का माहौल न हो उसे लेकर सरकार को हराने की मानसिकता जनता बना चुकी है। जैसे-जैसे यह यात्रा आगे बढ़ेगी वैसे-वैसे लोगों का पूरा रुझान इस ओर आ रहा है बड़ी संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं और खुलकर अपनी बातों को सामने रख रहे हैं।

वही जब पत्रकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय जनता पार्टी से एक कद्दावर आदिवासी नेता नंद कुमार साय के बारे में पूछा कि उनके कांग्रेस में जाने के बाद भाजपा को कितना नुकसान होगा और कांग्रेस को क्या फायदा होगा। इस बात पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि पार्टी में आने.जाने से भारतीय जनता पार्टी को किसी प्रकार का कोई भी नुकसान नहीं होता। जिसका उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि अजीत जोगी शासन काल में भाजपा के 12 विधायक कांग्रेस जॉइनिंग किए थे मगर उनके साथ भारतीय जनता पार्टी का एक भी कार्यकर्ता जॉइनिंग नहीं किया था। और उसके बाद जो विधानसभा चुनाव हुए उसमें बीजेपी ने प्रचंड बहुमत हासिल कर सरकार बनाई। इसी से यह सिद्ध होता है कि नंद कुमार साय के कांग्रेस में चले जाने से भाजपा को रत्ती भर भी नुकसान नहीं होगा आपने देखा होगा कि नंदकुमार साय ने कांग्रेस भले ही जॉइनिंग कर ली मगर उनके साथ एक भी कार्यकर्ता जॉइनिंग नहीं हुआ। पत्रकारों ने जब यह भी सवाल किया कि क्या भाजपा द्वारा पत्थलगांव को जिला बनाने को लेकर घोषणा पत्र में जारी किया जाएगा तो वहीं नारायण चंदेल ने कहा कि इस पर विचार विमर्श जरूर किया जाएगा।वही इस दौरान भाजपा नेताओं ने पत्थलगांव के श्याम मंदिर पहुंचकर भगवान श्याम का आशीर्वाद लिया माथा ठेका। वही मंदिर समिति ने भाजपा नेताओं को गमछा भेंट किया। जिसके बाद उक्त परिवर्तन यात्रा अब ग्राम फु लेता से शुरू होकर आगे का रुक तय करेगी।

## एक नजर

### ताड़मेटला हत्याकांड के दोषियों को करो गिरफ्तार-किसान सभा

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा ने पुलिस द्वारा ताड़मेटला में नक्सली मुठभेड़ के नाम पर दो आदिवासी युवकों की हत्या की कड़ी निंदा की है और दोषी पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार करने तथा पीड़ित परिवारों को एक.एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की है। किसान सभा ने इस पूरे घटनाक्रम पर राज्य सरकार की चुप्पी पर भी सवाल खड़े किए हैं। आज यहां जारी एक बयान में छत्तीसगढ़ किसान सभा के राज्य संयोजक संजय पराते ने कहा है कि सभी तरह की स्वतंत्र जांच.पडतालें कथित मुठभेड़ में मारे गए आदिवासी युवकों के निर्दोष ग्रामीण होने के तथ्य को स्थापित करते हैं। पुलिस अभी तक इस बात का कोई तर्कसंगत जवाब नहीं दे पाई है कि इन युवकों के शवों को परिजनों को सौंपने के बजाय जबरदस्ती जंगल में क्यों जला दिया गया। किसान सभा नेता ने कहा कि पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा इस फर्जी मुठभेड़ को जायज ठहराए जाने के बाद अब यह स्पष्ट है कि पूरा हत्याकांड राज्य प्रायोजित है। घटना की वास्तविकता जानने के लिए वहां जाने वाले पत्रकारों और नागरिक दलों को रोका जाना इसी तथ्य को प्रमाणित करता है। इस पूरे घटनाक्रम पर राज्य सरकार की चुप्पी भी इसी का संकेत है। किसान सभा ने इस जनसंहार के खिलाफ आदिवासियों और नागरिक संगठनों द्वारा चलाये जा रहे आंदोलन का समर्थन किया है।

### बिलासपुर में संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन 19 सितम्बर से

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन स्व बी आर यादव राज्य प्रशिक्षण प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर में किया गया है। खेल का आयोजन पुरुष दल के लिए 19 सितंबर को तथा महिला दल के लिए 21 सितंबर 2023 को किया जाएगा। सारंगढ़ बिलागढ़ जिले के 16 खेलों के 190 पुरुष, 160 महिला और 11 अधिकारी कर्मचारी सदस्यों का दल इस खेल में शामिल होंगे।

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में बाढ़ नियंत्रण हेतु 07768299016 पर कॉल करें

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने बाढ़ आपदा के मद्देनजर जिले में बाढ़ नियंत्रण कक्ष एवं आपदा राहत शाखा की स्थापना की है। जिले में 24 घंटे बाढ़ नियंत्रण केन्द्र कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में है। बाढ़ कन्ट्रोल रूम का फोन नंबर 07768.299016 स्थापित और चालू है, जहां नगर सैनिकों की ड्यूटी लगाई गई है। उन सैनिकों के मोबाइल नंबर.9753142926, 8827148855, 9340761945, 8878257818 है। डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी मो.नं. 8103365300, को बाढ़ आपदा राहत शाखा का प्रभारी व नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनका ईमेल है। इसी प्रकार जिले के तहसील मुख्यालय कार्यालयों में भी बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है एवं अधिकारियों को नियंत्रण अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसके अनुसार एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी का मो.नं. 7987283205, एसडीएम सारंगढ़ कार्यालय मोनिका वर्मा का मो.नं.9329341984, सारंगढ़ तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार का मो.नं.8602547239, बरमकेला तहसीलदार शनि कुमार पैंकरा का मो.नं. 9827464329, सरिया तहसीलदार अनुज कुमार पटेल का मो.नं. 942418600 है। जिला एवं तहसील मुख्यालयों में इन ईमेल, फोन और मोबाइल नंबर से बाढ़ एवं आपदा संबंधी सूचना दिया जा सकता है।

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में गणेश चतुर्थी 19 सितम्बर को स्थानीय अवकाश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार 19 सितम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित की है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ सिद्दीकी द्वारा पूर्व में गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में 13 नवम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित किया थाए किन्तु छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन द्वारा उक्त दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस कारण कलेक्टर ने स्थानीय अवकाश में संशोधन करते हुए आगामी 19 सितम्बर को गणेश चतुर्थी पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

# कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ग्राम हरदी में की गिरदावरी कार्यों का निरीक्षण



जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने सारंगढ़ विकासखण्ड के हरदी ग्राम में राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा किए जा रहे गिरदावरी के कार्य का निरीक्षण किया। डॉ सिद्दीकी ने हरदी में पटवारी संजय पटेल को सारा काम फील्ड में रहते हुए करने एवं एंट्री में सावधानी बरतने को कहा। साथ ही गिरदावरी कार्यों को नियत तिथि से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। डॉ सिद्दीकी ने एसडीएम और तहसीलदार को कहा कि संबंधित हल्का पटवारियों द्वारा किए जाने वाले गिरदावरी का कार्य पूरी तरह से शुद्ध एवं समुचित होनी चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम मोनिका वर्मा और तहसीलदार आयुष तिवारी आदि उपस्थित थे।

# जंगल की जमीन से बाहर का निकला विवादित मां काली मंदिर परिसर

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।



बिते दिनों शेखरपुर ग्राम में निर्माणाधीन भव्य काली मां के मंदिर के निर्माण में अवरूद्ध पहुंचाने कुछ लोगों द्वारा इस निर्माणाधीन मंदिर परीसर की भूमि को जंगल की भूमि बताकर विरोध प्रर्दशन कर आश्रम का घेराव किया था। जिसके बाद प्रशासन की टीम ने जब मौके का मुआयना किया तो यह भूमि पट्टे की पाई गई इस संबंध में वनपरिक्षेत्राधिकारी कृपा सिंधु पैंकरा ने बताया कि मौके की जांच की गई वनपरिक्षेत्र की सीमा लाईन का जीपीएस के माध्यम से निरीक्षण किए जाने पर मंदिर की भूमि वनपरिक्षेत्र से बाहर की पाई गई। दरअसल यहां बरसो से स्थापित औधड़ बाबा आश्रम द्वारा जरूररतमंद बच्चों को नि:शुल्क अध्ययन करवाया जा रहा है साथ ही आश्रम भी संचालित है जिसमे क्षेत्र के अनेकों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों के पूजन पाठ एंव आपसी सोहार्द हेतु एक भव्य मा काली मंदिर का भी निर्माण किया जा रहा है जिसकों जंगल की जमीन बताकर विवाद होने लगा था जिसके बाद मे वनपरिक्षेत्राधिकारी कृपा सिंधु पैंकरा अपने टीम के साथ जब जांच किया गया तो जंगल की जमीन नही पाया गया। विदीत हो कि बिते दिनों जंगल की भूमि पर कब्जा कर मंदिर और स्कूल निर्माण का आरोप के साथ ही अन्य आरोपों के मामले में विरोध प्रर्दशन को औघड़ आश्रम के अनुवायीयों ने मंदिर निर्माण मे बाधा पहुचाने वाले को हिंदु धर्म और संस्कृति के खिलाफ साजिश बताया है।

बता दे कि शेखरपुर में स्थित औघड़ आश्रम में भव्य काली मां का मंदिर बन रहा है। इन दिनों मंदिर के गर्भगृह निर्माण का काम तेज गति से चल रहा है। यह मंदिर क्षेत्र का सबसे बड़ा मंदिर होगा। मंदिर के गर्भगृह में सैकड़ों लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी।

## पतियों की आयु में वृद्धि के लिए सुहागिनें तीज व्रत करेंगी आज

**रायपुर** । प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाद्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर पति की आयु में वृद्धि के लिए सुहागिनें तीज व्रत करेंगी सोमवार 18 सितंबर को। पौराणिक मान्यता के अनुसार उक्त दिवस को माता पार्वती ने भोलेनाथ का व्रत कर उन्हें प्राप्त किया था मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए तीजा से सर्वोत्तम व्रत और कोई नहीं है। आज तिजहारिनें कडू भात खाकर कल निर्जला व्रत करेंगी। कडू भात का निर्माण करेले की सब्जी के साथ बनाया जाता है। छत्तीसगढ़ में सदियों से बहन बेटियां अपने मायके आकर फूलेरा बांधकर पूजा कक्ष में रेत से भोलेनाथ एवं माता पार्वती की मूर्ति का निर्माण कर विधि विधान से रात भर पूजन करती हैं। आज सुहागिनें सुंदर वस्त्रों को धारण कर हाथों में कोहनी तक रंग बिरंगी महेंदी लगवाने के लिए शहर के ब्यूटी पार्लरों में सुबह से पहुंच रही है। पैरों में आलता महेंदी भरे हाथ और सुंदर वस्त्रों के साथ ही श्रृंगार कर गहनें धारण कर अपने पति के प्रति तीजा का उपवास कर जिस तरीके से निष्ठा व्यक्त करती है ऐसी विशाल दुनिया के किसी और धर्म में अथवा रीतिरिवाजों में दिखलाई नहीं देती। शिव मंदिर के पुजारी पंडित सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुहाग के व्रतों में तीजा के बाद करवा चौथ ही ऐसा व्रत है जिसे संपूर्ण देश के लोग विधिविधान के साथ पूर्ण भक्तिभाव से श्रद्धापूर्वक मनाते हैं। भोलेनाथ और पार्वती की जोड़ी के समान ही अनंत काल तक हर सुहागिन अपने पति के साथ सुखपूर्वक वैवाहिक जीवन की कामना के लिए उक्त व्रत को करती है।

# सारंगढ़ के मुड़ा तालाब के फूटे हिस्से का हुआ मरम्मत





जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ फ रिहा आलम सिद्दीकी के दिशा निर्देश में सारंगढ़ के मुड़ा तालाब के फूटे हुए हिस्से का मरम्मत किया जा चुका है। नगरपालिका परिषद सारंगढ़ के सीएमओ राजेश पांडे और एसडीओ जल संसाधन जमुना सिंह वारे के नेतृत्व में सारंगढ़ के मुंडा तालाब में फू टे हुए हिस्से से हो रही जल बहाव की रोकथाम हो चुकी है। नगरपालिका और जल संसाधन विभाग की बचाव दल ने सारंगढ़ के झरिया पारा, प्रतापगंज, कुशल नगर घसिया पारा आदि क्षेत्रों में जल भराव से पानी निकासी की व्यवस्था की गई है।

## चल दीस तीजहारिन तीजा

चल दीस तीजहारिन तीजा
मोर बढ़गे हे जंजाल।
खाय पीये के नइहे ठिकाना
होगे बइहा कस हाल।।
चल दीस तीजहारिन

अपन बहन ल लेगे खातिर
राहु बनके आगे सारा।
भाचा भाची संग म लेके
चल दीस सारा बने बिचारा।।
मोला भारी फदिहत होगे
चले न एको चाल
चल दीस तीजहारिन

भात ह होगे निच्चट गीला
गीलम गोटम होगे दार।
साग म नून ह जादा होगे
बिन फोरन के हवै बघार।।
हाथ ह जरगे दार बघारत
निकरगे तुरते छाल
चल दीस तीजहारिन
घर म डोकरी दाई ददा के
सेवा करना परत हे मोला।
तीज मनाके कबले आही
घरवाली बिन तरसे चोला।।
बिन लइका घर होगे सुन्ना
जस चटनी बिना पताल
चल दीस तीजहारिन

पुरुषोत्तम ठेठवार
काष्ठागार धरमजयगढ़


# पूरनापानी रेत खदान निविदा 21 फार्म रिजेक्ट के बाद साजिश का आरोप

## रेत खदान नीलामी में बैंक डीडी हस्तलिखित, 15 फार्म निरस्त हुए बोलीकर्ता पहुंचे कोर्ट

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।



देवभोग के पूरनापानी रेत खदान की नीलामी 15 सितंबर को कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में हुई। इस खदान के लिए 46 बोली कर्ताओं ने फार्म दाखिल किया था। बोली में शामिल होने से पहले बड़ी संख्या में 21 फार्म निरस्त कर दिया गया। इसमें से 6 फार्म भरने में हुई त्रुटि के चलते निरस्त हुए तो,15 फार्म में जमा डीडी को नियम विरूद्ध बता कर निरस्त कर दिया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा से बनाए डीडी का निरस्त नीलामी में विवाद का कारण बन गया। बोलीदारो ने इसे कुछ लोगो की साजिश बता कर हंगामा किया,निविदा निरस्त करने तत्काल कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया गया। निविदा प्रक्रिया से असंतुष्ट बोली कर्ताओं की प्रतिनिधि मंडल मामले को लेकर आज हाईकोर्ट तक पहुंचे हुए है। बोलीकर्ता सुधीर अग्रवाल, शोभाचंद्र पात्र,भविष्य प्रधान,दिलीप अग्रवाल समेत अन्य सभी का आरोप है की जिस नियम का हवाला देकर डीडी निरस्त किया गया वह कंडीका 9.2 में मौजूद था। लेकिन फार्म के साथ दिए गए 4 पन्ने में केवल 7 बिंदू का जिक्र था। विभाग ने वेब पोर्टल में सारे नियमावली दिए है पर हम सभी इससे अनभिज्ञ थे। इसी अनभिज्ञता के चलते दूसरे खदान के और 18 फार्म निरस्त किए गए है। जो की अनुचित था। मामले में अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने कहा की निविदा प्रक्रिया पूरे तय नियमावली के आधार पर किया गया है। खनिज अधिनीयम में तय नियमों का पूरा पालन कर पारदर्शिता से किया गया है।




### खदान कॉलेज के कम्यूटर ऑपरेटर को मिला

पुरनापानी रेत खदान जिस देशवशरण बघेल के नाम से एलाट हुआ है वह देवभोग के शासकीय कॉलेज में विगत दो तीन वर्षो से कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी करता है ।हालाकि वह जन भागीदारी से नियुक्त अस्थाई कर्मी है। मामले को लेकर शुक्रवार शाम 7 बजे के बाद जब गरियाबंद कलेक्टर परिसर में गहमा गहमी चल रहा था उसी वक्त देवचरन बघेल सारे घटना से बेखर देवभोग में बिंदास घूम रहे थे। उन्हे जब रेत खदान के अलार्ट मेंट की जानकारी दी गई तो उन्होंने पहले अनभिज्ञाता जाहिर किया। फिर बोले की हां मैंने अपना दस्तावेज दिया था। अब तक मुझे नहीं पता की खदान मेरे नाम से आलर्ट हुआ है।



### नियम में जो लिखा उसका अर्थ अलग लगाया, यही याचिका का आधार

हाईकोर्ट में याचिका दायर करने से पहले कानूनी सलाह लेने बैठे बोली कर्ता भविष्य प्रधान ने बताया कि नियमावली कंडीका क्रमांक 9.2 में यह उल्लेख है की डीडी में परचेर का नाम नही है या हस्तलिखित हो तो डीडी अमान्य माना जाएगा।

*याचिका कर्ताओं का दावा है की यह पूरी हस्तलिखित डीडी के लिए लागू नहीं होता। यह टाइपिंग किए हुए उस डीडी के लिए कहा गया है जिसमे टाइपिंग से परचेजर का नाम छूट गया हो,और उस पर परचेजार का नाम हस्तलिखित हो। इस स्थिति में नाम व डीडी एक ही व्यक्ति का है इसे प्रमाणित करने ही कंडिका में आगे लिखा है की बैंक स्टेटमेंट व पासबुक के प्रथम पेज की प्रमाणित कॉपी अनिवार्य है। याचिका कर्ताओं ने बताया की हम अभी बिलासपुर में हैं,मंगलवार को मामले में याचिका दायर हो जायेगा।*

## एक नजर

### अतिवृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा दे सरकार-कुवरजीत गायकवाड़

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के जिला उपाध्यक्ष बेमेतरा कुवरजीत गायकवाड़ ने कहा जिला सहित प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो चुका है लगातार हो रही बारिश से बेमेतरा विधानसभा सहित जिले में अतिवृष्टि से प्रभावित किसान एवं आम जन के नुकसान का तत्काल सर्वे करवा करके सरकार उन्हें मुआवजा दे। ग्राम भेडनी नर्मदा नदी उफान पर और शिवनाथ नदी उफान पर होने से आसपास के गांव जैसे भेडनी, सावंतपुर, डडजरा, रौद्रा, हड़मुड़ी और इनसे लगे हुए गांवों के किसानों कि सैकड़ों एकड़ फसल बाढ़ में ढुब गई। सरकार को चाहिए कि कलेक्टर एसडीएम के माध्यम से क्षेत्र में जांच कराकर लोगों कि समस्या का तुरंत निराकरण कर मुआवजा दे।

### अवैध रेत खनन पर राजस्व टीम ने की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कलेक्टर पी एस एल्मा द्वारा जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया गया है कि अवैध खनिज भंडारण पर सख्त कार्यवाही की जाए इस संबंध में बेमेतरा एसडीएम सुरुचि सिंह को सूचना मिली कि बेमेतरा जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम गुनरबोड़ में बीरेंद्र साहू पिता बोधिराम साहू द्वारा लगभग पंद्रह हाईवा रेत को अवैध रूप से भंडारण कर रखा गया है जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए रेवेन्यू टीम को भेज कर अवैध रूप से भंडारित रेत को जप्त कर खनिज अधिकारी को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया स कार्यवाही में पीएन बंजारे तहसीलदार बेमेतरा, खुमान देशमुख राजस्व निरीक्षक बेमेतरा तथा पटवारी बिजेंद्र वर्मा और भूपेंद्र तिवारी उपस्थित थे।

### हिन्दी दिवस एवं ओजोन दिवस के अंतर्गत लायंस क्लब कोरबा ने विद्यार्थियों को दिया पुरस्कार

**कोरबा** । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन श्रीकांत बुधिया चेयरमेन लायंस क्लब कोरबा ट्रस्ट व अध्यक्षता क्लब अध्यक्षा लायन मीना सिंह, स्कूल चेयरमेन एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), लायन कामायनी दुबे, लायन मधु पाण्डेय, लायन शहनाज शेख, लायन रमेश शर्मा, लायन भगवती अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में लायंस इंग्लिश स्कूल सीतामढ़ी में विश्व हिन्दी दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस के तहत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। हिन्दी दिवस के तहत चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 8वी. से शैली महतो प्रथम, प्रार्थना साहू एवं अनन्या गुप्ता द्वितीय, दीपिका श्रीवास तृतीय एवं भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 10वी. पूनम अहिरवार प्रथम, कक्षा 9वी. प्रियांश शर्मा द्वितीय, कक्षा 12वी. दिशा अग्रवाल तृतीय तथा अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस के तहत चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 11वी. अंजली गुप्ता प्रथम, कक्षा 9वी. से वंशिका गुप्ता द्वितीय व तनिष्ठा कुर्रे ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लायंस क्लब कोरबा द्वारा मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया, एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री जी.आर. हंस, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## कुएं के मेढ़क की तरह हैं सनातन धर्म पर उंगली उठाने वाले लोगः देवकीनंदन

### श्री सप्तदेव मंदिर में भादी अमावस्या उत्सव पर संगीतमय मंगलपाठ


**कोरबा** । प्रतिष्ठित आध्यात्मिक धर्म गुरु देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि सनातन धर्म पर उंगली उठाने वाले कुएं के मेंढक है, इन्हें सनातन धर्म का पता नहीं। सनातन धर्म के साथ-साथ संविधान का अपमान भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग एवं राजनेताओं को संवैधानिक पदों से हटा देना चाहिए और उनके संवैधानिक पदों पर जाने से आजीवन प्रतिबंध लगा देना चाहिए, ताकि वह कभी संवैधानिक पद पर दोबारा ना बैठ पाए। यहां बताना होगा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उदयनयी स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी करने के बाद राजनेताओं में बयान बाजी का दौर जारी है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है।

इसी बीच जिले के कटघोरा में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में कथा वाचन करने पहुंचे गुरु देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी देने वाले राजनेताओं पर अपना बयान दिया है। श्री सप्तदेव मंदिर में शुक्रवार को भादी अमावस्या उत्सव बडे ही धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भव्य संगीतमय मंगलपाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था एवं प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंदिर में 200-250 पंजीकृत मंगलपाठी बहनों ने अपने पूरे परिधान नथ, चूडा, चूनडी व सुहाग पिटारी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होकर एक स्वर में लयबद्ध होकर मंगलपाठ किया। उक्त मंगलपाठ कार्यक्रम के लिए कोलकाता के अनिल लाटा एंड पार्टी को विशेष रूप से कोरबा आमंत्रित किया गया था जिनके द्वारा उक्त दिवस को दोपहर तीन बजे से रात आठ बजे तक भव्य संगीतमय मंगलपाठ किया गया जो अत्यंत ही अनुपम एवं मनमोहक था। इस अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे जिन्होने कार्यक्रम का पुण्य लाभ अर्जित किया। इस समय मंदिर का पूरा माहौल देखते ही बनता था मानो पूरा मंदिर परिसर ही भक्तिमय हो गया था जिसके रस में पूरे भक्त सराबोर हो गये थे। कार्यक्रम के विराम के पश्चात महाआरती व भंडारा किया गया। जिसमें मंगलपाठी बहनों के साथ साथ अन्य सैंकडों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## भगवान विश्वकर्मा हर काल में सृजन के देवता रहे हैं - योगेश तिवारी

### किसान नेता शहर के वार्डों में आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



किसान नेता योगेश तिवारी ने शहर के वार्डों में आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए। जहां भगवान विश्वकर्मा की विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने कामगारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देशभर में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। विश्वकर्मा को ब्रह्मा के सातवें पुत्र के रूप में भी माना जाता है। कहा जाता है कि भगवान विश्वकर्मा ही ऐसे देवता हैं जो हर काल में सृजन के देवता रहे हैं व सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी चीजें सृजनात्मक हैं, जिनसे जीवन संचालित होता है वह सब भगवान विश्कर्मा की देन है। इसी श्रद्धा भाव से किसी कार्य के निर्माण और सृजन से जुड़े हुए लोग भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते हैं। इस दिन सभी कारखानों और औद्योगिक संस्थानों में विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं साथ ही व्यापार में तरक्की और उन्नति प्राप्त होती है। इस अवसर पर राजीव साहू, पेमन साहू, नेतराम, नर्सिंग, प्रवीण पटेल, प्रवीण पटेल, कृष्ण मानिकपुरी, ईश्वर मानिकपुरी, संतोष साहू, लोकेश ध्रुव उमेश,गोकर्ण,संतोष चौहान, टिकेन साहू, चेतन साहू, कोमल जांगड़े, अनिल, लेखन साहू, उमेश साहू, गणेश यदुप्रीत साहू,दिनेश साहू अश्विनी साहू,संतोष साहू, मनीष साहू, नंदु वर्मा, मंगतू देवांगन, दिलहरण वर्मा उपस्थित थे।

## उमरेली में तीन दिन से बिजली नहीं, ग्रामीणों ने जेई पर उतारा गुस्सा

**कोरबा** । बिजली विभाग की लचर कार्य प्रणाली से ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है और इसका खामियाजा कनिष्ठ यंत्री जेई को भुगतना पड़ा। तीन दिन से बिजली नहीं होने की वजह से ग्रामीणों ने जेई की पिटाई कर दी। मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है।

बताया जा रहा है कि ग्राम उमरेली में तीन दिन से बिजली नहीं होने की शिकायत की गई थी, पर सुधार कार्य नहीं किया जा रहा था। वितरण कंपनी के बरपाली सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले उमरेली गांव में आई खराबी को पिछले दो दिन से खोजा रहा था, कर्मचारी इस काम में लगे हुए थे। खराबी मिलने की सूचना मिलने पर बरपाली सब स्टेशन में पदस्थ जेई संदीप मानिकपुरी, लाइनमैन व स्टाफके साथ गांव पहुंचे थे। वहां ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बातचीत के बाद विवाद होने पर ग्रामीण धक्का-मुक्की करने लगे और कालर पकड़ कर गिरा दिया। इसके साथ ही कुछ लोगों ने जेई के साथ मारपीट की। लाइनमैन व अन्य स्टाफने बचाव किया तो उन्हें भी घेर लिया। इस दौरान एक ग्रामीण ने जेई को वहां से निकाल कर अपने घर में पनाह दी, ग्रामीण उसके घर के बाहर इकट्ठा हो गए थे। जेई ने इसकी सूचना डायल 112 को दिया। पुलिस टीम के पहुंचने पर मौके पर लगभग सौ ग्रामीण मिले। पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को समझाइश देने का प्रयास किया कि बिजली जल्द ही आ जाएगी और किसी तरह जेई को निकाल कर उरगा थाना ले गए। जहां जेई मानिकपुरी ने लिखित शिकायत दर्ज कराई।

## अपनी जमीन वापस दिलाने पीड़ित परिवार ने प्रशासन से लगाई गुहार

### आज तक नहीं मिला न्याय पीड़ित परिवार ने सामुहिक आत्मदाह करने की दी धमकी

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



पत्थलगांव शेखरपुर के रोगहापारा निवासी एक परिवार की पुश्तैनी जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लेने के बाद अपनी जमीन को वापस दिलाने पीड़ित परिवार दर-दर की ठोकरे खाता फिर रहा है पीड़ित परिवार ने अपनी जमीन में खेती करने के दौरान दबंगों द्वारा मारने पीटने से सबंधित एक ज्ञापन पत्थलगांव थाना एवं जिला कलेक्टर को भी दिया है। पर इनकी आजतलक सुनवाई नहीं हो पाई है। शेखरपुर के रोगहापारा निवासी ननकू,तेजो,नैहरी,बाल्मती,सुनमनी,घुरसाय,बंधन एवं उनके बच्चों ने बताया कि हमारे स्वामित्व की भूमि खसरा नबर 568/11 क पर दबंग स ं ा ी , ज य प ा ल , है पाल,अजित,लालजीत सुनीता अजित की पत्नी ने कब्जा कर लिया है। एवं नपाई के दौरान जान से मरने की भी धमकी दी गई थी।

इसकी शिकायत कई बार प्रशासनिक अधिकारियों पुलिस प्रशासन को करने के बाद भी दबंगों पर कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित परिवार ने बताया कि यदि प्रशासन ने हमें हमारी जमीन वापस नहीं दिलाई तो हमारे सामने जीवन यापन करने का संकट पैदा हो जाएगा। पीड़ीत परिवार का कहना है कि यह जमीन इनके जीवकोपार्जन का एक मात्र सहारा है इसी जमीन से ही हमारा घर बार का सारा खर्च चलता है। और इस पर भी दबंगों की नजर लग गई है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उक्त दबंग के चंगुल से हमें जमीन वापस नहीं दिलाई गई तो सभी पीड़ित परिवार सामूहिक आत्मदाह करेंगे। इसकी जवाबदारी प्रशासन की रहेगी।



## कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण की

### जसरा ग्राम में चौपाल लगाकर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



लगातार बारिश से बढ़ते जलस्तर और उससे होने वाले नुकसान का निरीक्षण करने के लिए कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी सारंगढ़ विकासखण्ड के तिलाईमुड़ा और जसरा गांव पहुंची। कलेक्टर ने तिलाईमुड़ा गांव में पुल के निकट पानी भराव की स्थिति के बारे में अधिकारियों एवं गांव के सरपंच से जानकारी ली। वहां निकट में निवासरत घर जाकर वृध्द महिला से कलेक्टर ने पूछी कि पानी भराव कितना होता है और शासन की योजनाओं का उचित लाभ मिल रहा है या नहीं। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने जसरा में चौपाल लगाकर ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणजनों ने बाढ़ के पानी को लेकर अपनी चिंता जताई एवं उससे होने वाली असुविधाओं को कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने ग्रामवासियों को उचित सावधानी बरतने को कहा एवं प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद मुहैय्या कराने का आश्वासन दिया। इसके अलावा कलेक्टर ने गांव में राशन की दुकान, स्कूल की स्थिति, वृध्द पेंशन एवं राशन कार्ड लाभार्थी, नरेगा से जुड़े कार्य, आंगनबाड़ी का संचालन एवं स्थिति, आवास हेतु आर्थिक सामाजिक सर्वे इन विषयों पर विस्तार पूर्वक ग्रामीणों से चर्चा कर जानकारी ली। ग्रामीणों ने जानकारी दी और अपनी जरूरी मांगों जैसे बिजली कटौती और खराब सड़क मार्ग से संबंधित समस्याएं बताई। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सूचित कर शीघ्र समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की लापरवाही की शिकायत प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग को संबंधित कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। इस अवसर पर एसडीएम मोनिका वर्मा, जनपद सीईओ अभिषेक बनर्जी, तहसीलदार आयुष तिवारी एवं संबंधित पटवारी, सरपंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



# भाजपा प्रत्याशी हरिश्चंद्र राठिया सपरिवार खुड़ियारानी पहुंचकर मातारानी से आशीर्वाद प्राप्त किये

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**धरमजयगढ़ विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरिश्चंद्र राठिया अपने परिवार के साथ जशपुर के खुड़िया रानी पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया।**



छत्तीसगढ़ में ना तो अभी आचार संहिता लगा है और ना ही चुनाव की तिथि तय हुई है लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने सबसे पहले उम्मीदवार घोषित कर एक तरह से अपनी पहली जीत सुनिश्चित कर ली है। लगभग एक महापूर्व भारतीय जनता पार्टी ने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है जिसमें धरमजयगढ़ से हरिश्चंद्र राठिया का भी नाम शामिल है। और तब से लगातार हरिश्चंद्र राठिया जनता के साथ मिलजुल रहे हैं और देवी देवताओं के शरण में भी जाकर आशिर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में आज हरिश्चंद्र रथियाा अपने परिवार के साथ जशपुर जिला के प्रसिद्ध खुड़िया रानी पहुंच कर मत्था टेका। विदित हो की पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी के परिवर्तन रथ यात्रा को इसी खुड़िया रानी से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी ओपी माथुर, सह प्रभारी नीतिन नवीन, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष अरुण,नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण कुमार राय, पूर्व राज्यसभा सदस्य रणविजय सिंह जूदेव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय, सांसद गोमती साय, प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। हरिश्चंद्र रतिया को भारतीय जनता पार्टी ने पहले टिकट देकर कई बाजी मार ली है। समय पूर्व उम्मीदवारी तय हो जाने से कई लाभ हरिश्चंद्र राठिया को मिल रहा है। सभी से मिलना जुलना सबके घर.घर तक पहुंचकर मिलने का कार्य उनका जारी है साथ ही साथ और साथी दावेदारों को भी अपने साथ में लेकर चलने का काम वे कर रहे हैं। आज उनके साथ परिवार से उनकी पत्नी सुरेखा राठिया,दामाद पुनेश्वर राठिया मंडल अध्यक्ष बाकाारुमा,बुधराम राठिया सहित बाल बच्चे उपस्थित थे।



## राम वन गमन पथ पर निकले मनोज चतुर्वेदी पहुंचे कूड़ेकेला

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

त्रेता युग में भगवान राम वनवास के दौरान जिस मार्ग से गुजरे थे। उस मार्ग को राम वन गमन पथ के नाम से जाना जा रहा है। उसी मार्ग पर मनोज चतुर्वेदी पैदल यात्रा कर रहे हैं। मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि मनेंद्रगढ़ के खूंगापानी यह यात्रा प्रारंभ किया गया है जो सुकमा में संपन्न होगी। जिस मार्ग पर राम जानकी लक्ष्मण जी वनवास के लिए चले उसी मार्ग पर चलना है। बता दें कि पूरी यात्रा 40 दिन की होगी। यात्रा के 12 वें दिन मनोज चतुर्वेदी का रात्रि विश्राम धरमजयगढ़ में हुआ था। सुबह खड़गांव पहुंचे जहां उनका स्वागत किया गया। जहां से उनके साथ मनोज गोयल एवं पवन गोयल भी पैदल हाटी तक गए। हाटी से प्रह्लाद गोयल उनके साथ चले, शाम पांच बजे कूड़ेकेला पहुंचे। जहां गांववासियों ने स्वागत किया। गायत्री मंदिर में कुछ मिनट रुकने के बाद आगे निकल पड़े। उनका रात्रि विश्राम वृंदावन छाल में होगी।

## भगवान गणेश व विश्वकर्मा पूजन में शामिल हुए विधायक लालजीत

खुशहाली की कामना की, समर्पित किया धार्मिक कार्यक्रम



जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

क्षेत्र के विधायक लालजीत राठिया एक तरफ लगातार दौरा कर जनसंपर्क कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वे विभिन्न शासकीय व धार्मिक कार्यक्रमों में भी शामिल हो रहे हैं। रविवार को विधायक लालजीत धरमजयगढ़ पहुंचे जहां कोदवारीपारा में उन्होंने सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इसके बाद विधायक धरमजयगढ़ के क्लब मैदान में आयोजित विश्वकर्मा व गणेश पूजन में शामिल हुए। इस अवसर पर समिति सदस्यों की मांग पर विधायक लालजीत ने तत्काल एक छत्तीसगढ़ी धार्मिक कार्यक्रम तय कर उन्हें समर्पित किया, जिसके लिए सभी ने उनका आभार जताया। इस दौरान विधायक ने क्षेत्रवासियों की कुशलता व समृद्धि की कामना करते हुए सभी को हरितालिका, विश्वकर्मा जयंती व गणेश चतुर्थी पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले उपकरणों का उपयोग कम करें: बंजारा

एबीवीटीपीएस में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस

**कोरबा-जांजगीर** । ओजोन परत के संरक्षण के लिए जागरूक बनकर उन उपकरणों का उपयोग कम करना होगा जिससे क्लोरोफ्लोरो कार्बन उत्सर्जित होते है। उन तत्वों से भी सतर्क रहना होगा, जो ओजोन परत के लिए खतरनाक साबित होते हैं।

यह विचार अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस पर कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने व्यक्त किए। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा में 16 सिंतबर को अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ओजोन परत संरक्षण की शपथ दिलाई गई। वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसडी द्विवेदी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक पर्यावरण संजय झा द्वारा पावर पाइंट प्रजेंटेशन के जरिए समताप मंडल से विघटित होती ओजोन परत की समस्या एवं पर्यावरण व मानव जीवन पर उसके दुष्प्रभाव को क्रमवार समझाया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2023 की थीम 'मांट्रियल प्रोटोकॉल-ओजोन परत में सुधार एवं जलवायु परिवर्तन में कमी' है।

## छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगातार छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी और छत्तीसगढ़िया के मुद्दे में बात करती है- ठा शैलु छत्तीसगढ़िया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना छत्तीसगढ़िया हित की बात करती है हक अधिकार की लड़ाई लड़ रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में संपूर्ण छत्तीसगढ़िया राज पंच से मुख्यमंत्री तक संपूर्ण छत्तीसगढ़िया करन करने हेतु पूरा प्रदेश में क्रान्ति सेना ने अपने चुनाव प्रभारी हर जिले में भेज दिए है जो गांव गांव जाकर छत्तीसगढ़िया लोगों को जागरूक कर रहे है ।इसी बीच रायगढ़ जिले में बिलासपुर से ठा शैलु छत्तीसगढ़ीया चुनाव प्रभारी बन के आए हैं जो रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा रायगढ़, खरसिया, धरमजयगढ़, लैलूंगा के गांव-गांव जाकर छत्तीसगढ़िया लोगों से मिल रहे उनकी राय सुमारी ले रहे है इसी क्रम आज विधानसभा रायगढ़ के गांधीनगर, अमलीभवना, साहू नगर, कोसमनारा, सोनुमुडा का दौरा किया। छत्तीसगढ़िया लोग भी अब भाजपा और कांग्रेस की गंदी राजनीति से त्रस्त हो गए जो दिल्ली से चलती है। अब छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़िया लोग क्षेत्रीय दल की मांग कर रहे हैं। जो छत्तीसगढ़ का फैसला छत्तीसगढ़ में हो चाहते हैं। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के क्षेत्रवाद को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस बार के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़िया लोग छत्तीसगढ़िया वादी चेहरा ही देखना चाहते हैं। निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ को जनता अब जाग चुकी है इसका असर आने वाले विधानसभा में दिखेगा।

## एक नजर

### राम मंदिर की प्रतिकृति में विराजेंगे 21 फीट ऊंचाई के गजानन महाराज

**कोरबा** । कटघोरा के हाई स्कूल मैदान चौराहा के पास जय देवा गणेशोत्सव समिति द्वारा गणेश उत्सव का अंदाज इस बार हर किसी को आकर्षित करेगा। यहां कलकत्ता से आए पारंगत कलाकारों द्वारा 101 फीट ऊंचा भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है, जिसे श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या का माडल के रूप में बनाया गया है। इसकी अद्भुत कलाकारी अभी से ही लोगों को मोहित कर रही है। इसके भीतर 21 फीट ऊंचाई भगवान गणेश के प्रतिमा भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को स्थापित की जाएगी। प्रतिमा नगर में पहुंच चुकी है। विधि विधान के साथ इसकी स्थापना की जाएगी। अनंत चतुर्दशी तक यहां पर भगवान गणेश की आराधना की जाएगी। इस दौरान पूजा, आरती, अनुष्ठान के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रतिदिन करने की योजना बनाई गई है। उत्सव अपने आप में विशेष छाप छोड़े, इसके लिए हर संभव प्रयत्न किए जा रहे हैं।

गणपति बप्पा को अब विसर्जन के लिए बाहर ले जाने की जरूरत नहीं। घर के गमले की मिट्टी में रखकर श्रद्धालु वर्ष भर उनकी उपस्थिति अनुभव करेंगे। इस अवधारणा के साथ इस बार बाजार में मुंबई और कोलकाता से लाई गई इकोफ्रेंडली गणेश की नन्ही प्रतिमाएं लोगों को खूब भा रहीं है। मिट्टी व वाटर कलर से निर्मित प्रतिमाओं की खरीदी कर श्रद्धालु पर्यावरण संरक्षण के लिए सहभागी बन रहे हैं। बदलते परिवेश के साथ आस्था का स्वरूप भी बदलने लगा है। गमले पर ही प्रतिमा विजर्सजन की परंपरा बढ़ने से इस बार गणेश उत्सव के लिए छोटे कद की मूर्तियां अधिक बिक रहीं हैं। बच्चों को सांस्कृति विरासत से जोड़ने के लिए लोग बच्चों की पसंद की छोटी प्रतिमा को अधिक पसंद कर रहे हैं। समितियों में स्थापित की जाने वाली मूर्तियों की तुलना घर में पूजा के लिए प्रतिमाओं की अधिक मांग होती है। 19 सितंबर से शुरू होने वाली गणेश पूजा में मूर्ति बिक्री के लिए शहर के विभिन्न स्थानों प्रतिमाओं का स्टाल लग चुका है।

खास बात यह है कि मध्यम आकार के प्रतिमाओं की तुलना में लोग छोटी आकार की 15 सेंटी मीटर से लेकर आधी फीट ऊंची प्रतिमाओं को लोग अधिक पसंद कर रहे है। बाजार में 150 रूपये की छोटी प्रतिमा से लेकर 5,000 रूपये की बड़ी प्रतिमा उपलब्ध है। प्रतिमा विक्रेता गणेश गुप्ता का कहना है महानगरों में विसर्जन के लिए समुद्रए नदी या सरोवर तक दूर जाने की समस्या से निजात पाने के लिए लोग अब छोटी मूर्तियों की मांग कर रहे हैं। मूर्तियों को घर में विसर्जित करने की परंपरा शुरू कर दी गई है। एक तरह से यह अच्छा भी है। नदी या सरोवर के पानी में जितना प्रदूषण बड़ी प्रतिमाओं से होती उससे कहीं अधिक छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन से होती है। घर पर गमले में प्रतिमा को विसर्जित कर मिट्टी का उपयोग फूल अथवा सब्जियां तैयार करने में की जा सकती हैं। खास बात यह भी है पहली बार शहर की प्रतिमा स्टाल में कोलकाता के साथ मुंबई की प्रतिमाएं बिक रहीं है। कीमत को लेकर प्रतिस्पर्धा होने से खरीदारों को इसका लाभ मिल रहा है। मूर्ति व्यवसायी गणेश का कहना है कि छोटी प्रतिमाओं की विशेषता यह भी है कि इसे वर्ष भर पूजा घर में भी रखा जा सकता है। आगामी वर्ष पूजा के दौरान फिर नई प्रतिमा लेकर पुरानी हो चुकी प्रतिमा को गमले में विसर्जित किया जा सकता है।

### तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**कोरबा** । राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में सड़क दुर्घटनाओं का यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा और इसकी रोकथाम के लिए कोई गंभीर प्रयास होता भी नहीं दिख रहा। एक बार फिर इस मार्ग में डूमरकछार. पाली के बीच तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में बाइक चालक की स्थल पर ही मौत हो गई। चैतमा पुलिस चौकी के अंतर्गत बम्हनी गोपालपुर निवासी राजकुमार पिता शिव सिंह गोंड 24 वर्ष बाइक से अपने घर पाली जा रहा था। इसी दौरान डुमरकछार पाली के बीच कोसाबाड़ी के करीब मोड पर दुर्घटना हो गई। सामने से आ रही एक तेज रफ्तार टैंकर ने उसे टक्कर मार दी। इससे घटनास्थल पर राजकुमार की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ स्थल पर लग गई। मामले की सूचना मिलने पर डायल 112 व पुलिस स्थल पर पहुंची और वैधानिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। घटना को लेकर लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग में चालक तेज गति से वाहन चला रहे हैंए इससे रोजाना दुर्घटना हो रही है। इस पर अंकुश लगाने कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

सड़कों पर तेज रफ्तार वाहन, बेतरतीब यातायात, बेतहाशा भीड़ और असावधानी अक्सर दुर्घटना का कारण बनते हैं। आदमी चल रहा है और तभी कोई तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ जाता है। अति विश्वास से भरे युवा सड़कों पर तेजी से वाहन चलाते हैं और दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। यातायात के नियमों का पालन नहीं होता और इस काम के लिए ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस भी सतर्क नहीं रहती है।

# सीएएफ जवान ने खुद को किया शूट, आत्महत्या से हड़कंप

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

**सीएएफ जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान का नाम चंद्रशेखर यादव बताया जा रहा है। जवान सीएएफ में कांकेर में अभी पोस्टेड था। जानकारी के मुताबिक ड्यूटी के दौरान ही जवान ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली।**



जानकारी के मुताबिक जवान चंद्रशेखर यादव धमतरी जिले के रुद्री थाना का रहने वाला है। कांकेर एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि जवान की मौत के कारण अभी स्पष्ट नहीं है। फिलहाल पुलिस इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पदस्थ जवान चंद्रशेखर यादव हलवा चौकी में मोर्चा ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान उसने खुद को गोली मार ली। 15वीं बटालियन बीजापुर के बी कंपनी का मृतक जवान था। घटना की सूचना के बाद घटना की सूचना के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले और आत्महत्या की वजह जानने में जुट गई है।

# शासकीय महाविद्यालय धरमजयगढ़ में मनाया गया विश्व ओजोन दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




शासकीय महाविद्यालय धरमजयगढ़ में 16 सितंबर को ओजोन क्षरण एवं पर्यावरण प्रदूषण विषय को लेकर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के मध्य भाषण, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं की भागीदारी उत्साहवर्धक रही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.वी के नायडू ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम महाविद्यालय में होते रहना चाहिए डॉ.एस बी लकड़ा ने अपने संबोधन में बताया कि छात्रों के शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए और पर्यावरण को समझने के लिए ऐसी गतिविधियां जरूरी होती है, प्रो निरंजन कुजूर प्रो. आर एस बिंझवार प्रो एम कुजूर प्रो. राजेश बंजारे प्रो पूजा साव प्रो. डीडी सिंग प्रो संगीता तिर्की प्रो. अक्षय सिदार, प्रो प्रतीक सिदार आदि का कुशल मार्गदर्शन व सहयोग रहा निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लालिमा डनसेना, द्वितीय रही हैं तृप्ति यादव,राजनंदनी राठिया तृतीय रही हैं कांति शर्मा। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रियंका महंत, द्वितीय अंजली लकड़ा एवं तृतीय रही हैं

मनीषा भगत एवं भगत सिंग राठिया। रंगोली प्रतियोगिता सामूहिक में प्रथम स्थान पर आरोती चौहान एवं ग्रुप द्वितीय स्थान पर दामिनी एवं ग्रुप तथा तृतीय स्थान पर रहीं हैं निर्जला मंडल एवं ग्रुप वही रंगोली प्रतियोगिता एकल में प्रथम खुशी पटेल, द्वितीय नयना अगरिया रही हैं, उक्त अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सूरज यादव, रोहन राठिया, जीविधा आदित्य, रजंती राठिया,सुरेश राठिया, अंकुर विश्वास आदि का सहयोग रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in